सरायकेला-खरसावां जिला से प्रकाशित एकमात्र हिंदी दैनिक

# न्यू इस्पात मेल

आदित्यपुर-जमशेदपुर

05 अप्रैल 2020, रविवार, वर्ष –12 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी, सम्वत 2076 ■ अंक-341 ■ Postal Reg. No. - Singhbhum /22/2020-2022 ■ पृष्ठ - 12 ■ मूल्य 2 रुपये मात्र

**सोना-चांदी भाव, जमशेदपुर**

प्रति 10 ग्राम

| | | |
|---|---|---|
| सोना - 24 कैरेट | : | 41,500 रु. |
| सोना - 22 कैरेट | : | 39,500 रु. |
| सोना - 18 कैरेट | : | 32,700 रु. |
| चांदी -प्रति 10 ग्राम | : | 440 रु. |

## संक्षिप्त

### कोरोना संक्रमित के घर का तीन किमी एरिया होगा सील

**जमशेदपुर, 4 अप्रैल (ईएमएस):** कोरोना वायरस (कोविड 19) की रोकथाम के लिए झारखंड सरकार ने अहम फैसला लिया है. इस बाबत सरकार के आदेश के बाद जिला प्रशासन रेस हो गया है. पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त ने कहा है कि जो भी कोरोना पॉजिटिव पाए जाएंगे, उनके घर का तीन किलोमीटर का इलाका सील कर दिया जाएगा और इलाके की गहन निगरानी होगी. शनिवार को जारी पत्र में उपायुक्त ने कहा है कि पूर्वी सिंहभूम जिले में कोरोना प्रभावित देश या राज्य से आए लोगों के संपर्क में आए लोगों की पहचान कर लोकल ट्रांसमिशन को रोकने के मकसद से कांटेनमेंट जोन और बफर जोन चिह्नित करते हुए मरीजों की पहचान के लिए काम करना है. अगर कोविड 19 पॉजिथ्विव मरीज पाए जाते हैं तो मरीज के निवास स्थान को तीन किलोमीटर तक कांटेनमेंट जोन और सात किलोमीटर तक बफर जोन घोषित किया जाएगा.

### पीएम मोदी ने की ट्रंप से फोन पर बात

**नई दिल्ली, 4 अप्रैल (ईएमएस):** कोरोना महामारी से इस समय पूरी दुनिया संकट में है. इस बीच भारत और अमेरिका ने इस संकट के खिलाफ एकजुटता दिखायी है. दोनों देशों ने एक साथ मिलकर इस संकट से लड़ने का ऐलान किया है. प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट करके जानकारी दी है कि उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप से बात की और दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि कोरना के खिलाफ जंग मिलकर लड़नी है और इसमें पूरी ताकत झोंक देनी है.कोरोना वायरस से भारत में मरने वालों की संख्या बढ़कर 75 हो गयी है. वहीं पूरे देश में संक्रमितों की संख्या 3 हजार के पार पहुंच चुकी है. अच्छी बात है कि 212 लोग ठीक होकर अपने घर लौट गये हैं.

### पीएम की अपील पर डा. इरफान का तंज

**रांची ,4 अप्रैल (ईएमएस):** विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच अप्रैल को दीप जलाने की बात को हास्यापद बताते हुए कहा कि कोरोना से जंग लड़ रहे चिकित्सकों का उत्साह बढ़ाने के लिए पहले थाली बजाने और अब रविवार को 9 मिनट तक दीये जलाने की अपील पीएम नरेंद्र मोदी ने की है. इस अपील से बड़ा अफसोस होता है कि आखिर हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है और हमने मेडिकल की पढ़ाई क्यों की थी. प्रधानमंत्री वास्तविक समस्याओं का समाधान बताने के बजाय लोगों से ताली बजाने और दीये जलाने को कह रहे हैं, जिसका बीमारी से बचाव का कोई लेना-देना नहीं है. विधायक ने तो यहां तक कह दिया की बेहतर होगा कि पीएम मोदी पूरे देश में जादू-टोना टोटका सेंटर खोल दें ताकि लोग जादू और टोटका टोना कर ही कोरोना से ठीक हो जाएंगे.

# पुलिस से मुठभेड़ में गुदड़ी में तीन महिला नक्सली ढेर

**भारी मात्रा मात्रा में विस्फोटक और हथियार बरामद**

**चाईबासा कार्यालय, 4 अप्रैल :** पश्चिमी सिंहभूम एवं खूंटी जिले की सीमा पर गुदड़ी थाना क्षेत्र के चिरूंगरैदा गांव के पास आज माओवादी सुरेश मुण्डा के दस्ते के साथ हुई पुलिस की मुठभेड़ में तीन महिला नक्सली मारी गईं. इस मुठभेड़ में अन्य नक्सलियों को भी गोली लगने की सूचना है. संभवत: साथी नक्सली उन्हें अपने साथ ले भागे. बाद में चलाये गये सर्च अभियान में काफी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, पिट्ठू एवं दैनिक उपयोग की सामग्री मिले.

**जंगलों में सर्च अभियान जारी है :** पुलिस को सूचना मिली थी कि खूंटी के सीमावर्ती जिले में नक्सलियों ने डेरा डाला हुआ है. इसके बाद पुलिस और सीआरपीएफ ने इलाके की घेराबंदी की. नक्सलियों को इसकी भनक लगते ही उन्होंने फायरिंग शुरूकर दी. जवाबी (शेष पेज दो पर)







### सोनुवा में घर उड़ाया, एक को किया घायल

**चाईबासा कार्यालय, 4 अप्रैल :** सोनुवा थाना के धोलाबनी गांव में संत पीटर्स स्कूल के पास किराये के घर में रह रहे बिरसा खंडाइत की हत्या करने आये नक्सलियों को पुलिस ने खदेड़ दिया, लेकिन इस दौरान नक्सलियों ने नितिन कुमार जामुदा को भुजाली एवं गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. घायल नितिन का इलाज एमजीएम जमशेदपुर में कराया जा रहा है. पुलिस अधीक्षक इन्द्रजीत महथा ने बताया कि शुक्रवार की रात 12:45 बजे हथियारबंद नक्सली दस्ता धोलाबनी गांव में संत (शेष पेज दो पर)

## राशन कार्डधारियों को मई में मिलेगा पीएम योजना से मुफ्त अनाज



**रांची, 4 अप्रैल (ईएमएस):** झारखंड के 57.11 लाख राशन कार्डधारियों को आपदा की इस घड़ी में अनाज की दिक्कत नहीं होगी. इन घरों के ढेकी अनाज से लबालब हो जाएंगे. कारण, राज्य सरकार के साथ साथ केंद्र सरकार ने तीन महीना का अनाज एक साथ देने का एलान कर दिया है. हेमंत सरकार ने अप्रैल एवं मई महीने का राशन के आवंटन कर उठाव व वितरण का आदेश दे दिया है. केंद्र सरकार ने भी झारखंड को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से खाद्यान्न का आवंटन दे दिया है. भारत सरकार की इस योजना में हर एक कार्डधारियों को अप्रैल से जून तक मुफ्त अनाज मिलेगा. इसका एक पाई भी भुगतान नहीं करना होगा. तो 90 दिन का खाद्यान्न हर राशनकार्डधारियों को मिलेगा.

सरकार ने तय किया वितरण का मानक: राज्य सरकार की ओर से अभी अप्रैल एवं मई का राशन दिया जा रहा है. यह एक रुपया प्रतिकिलो की दर से पूर्व व्यवस्था के तहत जन वितरण दुकान से दिया जा रहा है. मई महीने में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से हर कार्डधारी को अप्रैल-मई यानी दो महीने का खाद्यान्न एक साथ मुफ्त दिया जाएगा. जून में भी दो महीना का राशन एक साथ मिलेगा. इसमें भारत सरकार की योजना का 5 किलो मुफ्त और राज्य सरकार की ओर से एक रुपया की दर से दिया जाएगा. तो मार्च से मई तक हर परिवार को हर महीना दो महीना का राशन एक साथ मिल जाएगा.

**ऐसे समझें राशन का गणित:** मान लीजिए एक पीएचएच (पूर्ववित्का प्राप्त परिवार) परिवार में पांच सदस्य हैं. उन्हें प्रति व्यक्ति एक किलो चावल की दर से तीन महीने में तीन किलो चावल राज्य सरकार से और तीन किलो चावल भारत सरकार से मुफ्त मिलेगा. यानी पांच सदस्यीय परिवार (शेष पेज दो पर)

## राजीव अरुण एक्का को मिला मिला सूचना जनसंपर्क विभाग

**रांची ,4 अप्रैल (ईएमएस):** राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में पदस्थापित राजीव अरुण एक्का को दो और विभागों का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. एक्का को अगले आदेश तक के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सचिव का भी जिम्मा दिया है. उन्हें झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का भी अतिरिक्त प्रभार मिला है. इसके अलावा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव अमिताभ कौशल को अगले आदेश तक आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने इसकी अधिसूचना शनिवार को जारी कर दी है.



**कोरोना को लेकर प्रशांत कुमार बनाए गए नोडल पदाधिकारी :** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के निर्देश पर झारखंड सरकार ने आईएएस अधिकारी प्रशांत कुमार को कोरोना वायरस से बचाव को लेकर चल रहे कार्यों के लिए नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया है. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार (शेष पेज दो पर)

### टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत, फॉर्म 15जी तथा 15एच की तिथि बढ़ी

**बेंगलुरु, 4 अप्रैल (ईएमएस):** कोरोना वायरस महामारी के कारण जारी लॉकडाउन को देखते हुए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने फॉर्म 15जी तथा फॉर्म 15एच भरने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 जून, 2020 कर दी है. इन दोनों फॉर्म को टैक्सेशन से बचने के लिए वैसे टैक्सपेयर्स भरते हैं, जो टैक्स के दायरे में नहीं आते हैं. सीबीडीटी ने कहा, 'कोविड-19 वायरस महामारी के कारण बैंकों सहित तमाम सेक्टर्स का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ है. ऐसी हालत में कई लोगों को समय पर फॉर्म 15जी तथा फॉर्म 15एच भरने में परेशानी हो सकती है.' अगर ऐसा होता है तो टैक्स की देनदारी न होने के बावजूद उनका टीडीएस कट सकता है. सीबीडीटी ने कहा, 'इस परेशानी को दूर करने के लिए यह कदम उठाया गया है और अगर कोई व्यक्ति वित्त वर्ष 2019-20 के लिए बैंकों तथा अन्य वित्तीय संस्थानों में फॉर्म 15जी (शेष पेज दो पर)

## झारखंड:1.35 लाख लोग होम क्वारेंटाइन में

- रेलवे हटिया यार्ड में 60 बोगियों को बना रहा आइसोलेशन वार्ड

**रांची/जमशेदपुर, 4 अप्रैल (ईएमएस):** कोरोना के खिलाफ जंग के लिए राज्य में 1.35 लाख लोगों को होम क्वारेंटाइन में रखा गया है, जिनकी निगरानी जिला सर्विलांस समिति के द्वारा सहिया तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के जरिए रखी जा रही है. 12,384 मरीज को सरकार की ओर से बनाए गए क्वारेंटाइन सेंटर्स में रखा गया है. आडीएसपी की ओर से जारी बुलेटिन में कहा गया है कि चीन तथा अन्य प्रभावित देशों से आए 1531 संदिग्ध सर्विलांस में हैं. हालांकि, इनमें से 270 की सर्विलांस अवधि खत्म हो गई है. झारखंड से 691 लोगों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे, इनमें से 2 पॉजिटिव मिले हैं और 446 रिपोर्ट



निगेटिव आई हैं. 172 लोगों की रिपोर्ट आना अभी बाकी है.

**मकान मालिक जबरदस्ती करे तो 1950 पर करें शिकायत :** डीसी के आदेश के बाद कोई भी मकान मालिक लॉकडाउन के दौरान किराएदार को अपने घर से नहीं निकाल पाएंगे. इसके अलावा वैसे लोग जो नियोक्ता या किसी कंपनी के द्वारा दिए गए मकान में रह रहे हैं, उन्हें भी खाली कराने पर रोक लगा दी है. किराएदारों को मकान खाली नहीं कराने के आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आईपीसी की धारा 188 व अन्य संबंधित कानूनों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी. अगर, कोई मकान मालिक (शेष पेज दो पर)

## लॉकडाउन से तमिलनाडु में फंसे हैं खरसावां के 15 मजदूर



**खरसावां, 4 अप्रैल (रिपोर्टर):** कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए देश में 21 दिनों का लॉकडाउन लगा है. एक ओर जहां देश के विभिन्न कोने में लॉकडाउन का व्यापक असर नजर आ रहा है तो दूसरी और तमिलनाडु के पैनल जिला के पुट्टनारी सेलेन स्थित जनरल स्ट्रील वार्कर प्राइवेट लिमिटेड (जेएसडब्ल्यू) कंपनी के ठेकेदार द्वारा लॉकडाउन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मार्च महीने की मजदूरी भुगतान नहीं किया गया. मजदूरों ने बताया कि खरसावां (शेष पेज दो पर)

## पीएम विपक्षी पार्टियों के नेताओं से 8 को करेंगे बात

- कोविड-19 की रोकथाम पर चर्चा होगी

**नई दिल्ली, 4 अप्रैल (ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोरोनावायरस से पैदा हुए हालात को लेकर 8 अप्रैल को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राजनीतिक दलों के नेताओं (जिनके दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में 5 से ज्यादा सांसद हैं) से बात करेंगे. संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को यह जानकारी दी. लॉकडाउन की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री पहली बार विपक्ष के नेताओं से बात करेंगे. इधर, देश में कोरानावायरस संक्रमण के शनिवार को 121 नए मामले सामने आए हैं.



इनमें सबसे ज्यादा 47 मरीज महाराष्ट्र में मिले हैं. इसके बाद राजस्थान में 21, आंध्रप्रदेश में 16, हरियाणा में 18, गुजरात में 10, मध्यप्रदेश-पंजाब में 4-4, जम्मू-कश्मीर में 3, असम 2 और गोवा-छत्तीसगढ़ में 1-1 मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है. अब देश में कुल संक्रमितों की संख्या 3 हजार 229 हो गई है. देश में एक हफ्ते में ही इस बीमारी के 1 हजार 973 मरीज बढ़े हैं. 29 मार्च को कोरोना संक्रमितों की संख्या 1 हजार 139 थी. इससे पहले शुक्रवार को एक दिन में सबसे ज्यादा 563 मामले सामने आए. ये आंकड़े र्बपैग19ैहगैच.ियि वेबसाइट के मुताबिक हैं. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 2 हजार 902 है. इनमें से 2 हजार 650 का इलाज चल रहा है. 183 ठीक हुए हैं और 68 की मौत हो चुकी है.

**अपदा के बीच राहत की 4 खबर:** आईआईटी रुड़की ने कोरानावायरस संक्रमितों के इलाज में लगे डॉक्टरों की हिफाजत के लिए बेहद कम (शेष पेज दो पर)

## हिंदपीढ़ी की घटना के बाद सफाईकर्मियों ने किया काम ठप



**रांची, 4 अप्रैल (ईएमएस):** हिंदपीढ़ी क्षेत्र को सैनिटाइज कर रहे एक सफाईकर्मी की वार्ड पार्षद के पति द्वारा पिटाई का मामला तूल पकड़ता दिख रहा है. आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर शनिवार को सफाईकर्मियों ने काम ठप कर दिया. हिंदपीढ़ी एरिया में एक भी सफाई कर्मी काम करने नहीं पहुंचे. सफाई कर्मी अप्पर बाजार स्थित निगम के स्टोर में सुबह जमा हुए और पार्षद पति पर कार्रवाई करने की मांग करने लगे. दरअसल, रांची में कोरोना का पहला केस हिंदपीढ़ी क्षेत्र से मिला है. इसके बाद से (शेष पेज दो पर)

**बॉटम स्टोरी**

# 15 से 80 प्रतिशत ट्रेनों के चलने की संभावना

**खास बातें**

- सभी 17 जोनों को कहा गया तैयार रहने को, सरकार की हरी झंडी का इंतजार

**नई दिल्ली, 4 अप्रैल (ईएमएस):** रेलवे ने शनिवार को कहा कि ट्रेन सेवाओं को बहाल करने पर अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है और इस पर फैसला कुछ ही दिनों में लिया जाएगा. यह बयान तब आया है जब मीडिया में इस बात की चर्चा ने जोर पकड़ा कि रेलवे ने कोरोना वायरस के कारण यात्री ट्रेनों को 21 दिन तक स्थगित करने के बाद 15 अप्रैल से अपनी सभी सेवाएं बहाल करने की तैयारी शुरू कर दी है.

**ट्रेनों का संचालन सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद ही शुरू होगा :** एक अधिकारी ने शनिवार को बताया, रेलवे बोर्ड से हर ट्रेन को मंजूरी मिलने पर ही ट्रेन सेवाएं बहाल की जाएंगी. रेलवे बोर्ड को



चरणबद्ध योजना के लिए सुझाव दिया जाना चाहिए. रेल मंत्री पीयूष गोयल की रेलवे बोर्ड के चेयरमैन के साथ शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठक में यह फैसला लिया गया. ट्रेनों का संचालन सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद ही शुरू होगा. सरकार ने इस मुद्दे पर मंत्रियों का समूह गठित किया है

**स्थानीय ट्रेनों की सेवाएं भी चालू हो सकती हैं :** सूत्रों ने बताया कि सभी 17 जोनों को अपनी-अपनी सेवाएं संचालित करने के लिए तैयार रहने का संदेश दिया गया है. 15 अप्रैल से करीब 80 प्रतिशत ट्रेनों के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चलने की संभावना है जिनमें राजधानी, शताब्दी, दुरंतो ट्रेनें शामिल हैं. स्थानीय ट्रेनों की सेवाएं भी चालू हो सकती हैं.

**सभी यात्रियों की होगी थर्मल स्क्रीनिंग :** रेलवे सभी यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग करेगा और सरकार की सलाह के अनुसार सभी प्रोटोकॉल का पालन करने की संभावना है. हालांकि वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कोई नया आदेश जारी नहीं हुआ है और सेवा केवल 14 अप्रैल तक रद्द थी इसलिए किसी नए आदेश की कोई आवश्यकता नहीं है. इस सप्ताह के अंत में जोनों को ठोस कार्य योजना भेजी जाएगी.

### कोरोना से निपटने के लिए कोल इंडिया देगी 100 करोड़

**रामगढ़, 4 अप्रैल (ईएमएस):** कोल इंडिया कोविड-19(कोरोना वायरस) से निपटने के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष में कोल इंडिया 100 करोड़ रुपए देने का निर्णय लिया है. इस संबंध में एक सप्ताह पूर्व ही कोल इंडिया के डायरेक्टर (पीएंडआईआर) आरपी श्रीवास्तव ने सभी अनुषंगी कंपनियों के सीएमडी को पत्र लिखकर अपने तमाम कर्मचारियों के वेतन से एक दिन की राशि कटौती करने का निर्देश दिया है. पत्र में यह भी कहा गया है कि अधिकारी-कर्मचारी चाहें तो स्वेच्छा से एक दिन से ज्यादा का वेतन भी कटवा सकते हैं. वेतन कटौती से जमा राशि को प्रधानमंत्री राहत कोष में जमा कराई जाएगी. इसके लिए सभी सीएमडी से अपनी-अपनी कंपनियों में एसीसी व जेसीसी की बैठक कर आम सहमति बनाने को कहा गया है.

## लाइटें बंद करते ही इलेक्ट्रिक ग्रिड के क्रैश की बातें गलत

**नई दिल्ली, 4 अप्रैल (ईएमएस):** पीएम मोदी ने 5 अप्रैल को रात 9 बजे से 9 मिनट तक घर की लाइट बंद करने की अपील की है. उन्होंने दीया, मोमबत्ती, टॉर्च या मोबाइल की सेल्फी ऑन करने की अपील की है, ताकि कोरोनावायरस को हराने की देश की एकता और मजबूत हो. पीएम ने कहा कि ऐसा करने से संदेश जाएगा कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई में हम अकेले नहीं हैं. सभी साथ हैं. अब सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि एक साथ लाइट बंद करने से इलेक्ट्रिकल ग्रिड क्रैश हो सकती हैं. कांग्रेस के सांसद शशि थरूर ने उत्तर प्रदेश के पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की एक चिट्ठी शेयर करते हुए लिखा, 'रविवार रात 9 बजे रात में



बिजली की मांग में अप्रत्याशित कमी हो जाएगी और फिर 9.09 बजे अचानक बहुत बढ़ जाएगी. इस कारण इलेक्ट्रिकल ग्रिड कैश कर सकते हैं. इसलिए इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड्स रात 8 बजे से ही बिजली काटने और 9.09 बजे वापस देने की सोच रहे हैं'. थरूर ने पीएम पर तंज कसते हुए लिखा , 'प्रधानमंत्री (शेष पेज दो पर)

## दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**जमशेदपुर 4 अप्रैल संवाददाता :** कदमा थाना में रामजनम नगर निवासी रीना गोराई के बयान पर बागमुन्डी पुरुलिया निवासी विजय गोराई, सीताराम गोराई, मंजुला देवी, समीर गोराई के खिलाफ एक राय होकर दहेज की मांग करना व प्रताड़ित करने का मामला दर्ज किया गया है. यह घटना गत 16 जुलाई वर्ष 17 से लेकर अबतक की है.मिली जानकारी के अनुसार रीना की शादी गत वर्ष विजय के साथ हुयी थी शादी के बाद से दहेज में कार की मांग करने लगे देने से इकांर करने पर मारपीट किया करते थे.

### तय कीमत से ज्यादा मूल्य में आवश्यक वस्तु बेचने में जेल

**जमशेदपुर :** जुगसलाई पुलिस ने श्री बाला जी ट्रेडस कम्पनी के दो मालिक डिस्कोस्टा रोड निवासी अशोक कुमार अग्रवाल व सुनील कुमार अग्रवाल को जेल भेजा है.जिनके खिलाफ औषधी निरिक्षक कुंज बिहारी के बयान पर दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी कर आवश्यक वस्तु को मुल्य सेअधिक कीमत पर बेचने का मामला दर्ज किया गया है.

### शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण

**जमशेदपुर :** बागबेड़ा थाना में बबुल सिंह के बयान पर बागबेडा बस्ती निवासी दीपक कुमार के खिलाफ शादी की नियत से नाबलिग बेटी का अपहरण करने का मामला दर्ज किया गया है यह घटना गत दो अप्रैल की है.

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में जेल

**जमशेदपुर :** परसुडीह पुलिस ने नाबलिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में मकान मालिक लाल सोरेन को जेल भेजा है.उक्त मामलें पिड़िता के परिजनों के बयान पर पोस्को एक्ट व बहलाफुसालकर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज किया गया था.

### साकची में झाड़ी में गिरे आधार कार्ड व सामान मिले



**जमशेदपुर 4 अप्रैल संवाददाता :** साकची थाना अतंगंर्त कालिया चौक के पास झाड़ी में गिरा हुया आधार कार्ड,एटीएम कार्ड मिला है.पुलिस सुचना पाकर मौके पर गयी व जप्त कर थाना ले आयी है.पुलिस का कहना है की सुचना मिली थी उसी सुचना पर गयी व उठाकर लायी है पुलिस छानबीन कर रही है

### श्री शिव शक्ति परिवार ने टेल्को में बांटा सूखा राशन



**जमशेदपुर, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** धार्मिक संस्थान श्री शिव शक्ति परिवार टाटानगर की ओर से लगातार दूसरे दिन टेल्को व बिरसानगर के क्षेत्रो में तकरीबन 20 परिवारों के बीच 20 दिनो का कच्चे आहार सामाग्री का वितरण किया गया। भोलेनाथ के आर्शीवाद से आगे भी सेवा जारी रखने की बात सेवादारों ने कही। इस कार्य में अध्यक्ष राजशेखर सिंह, महासचिव कैलाशी विजय शर्मा, दीलीप कुमार समेत अन्य सेवादारों का सक्रिय सहयोग रहा।

# लॉकडाउन के उल्लंघन मामले में दर्जनों पकड़ाये, मामला दर्ज

**जमशेदपुर 4 अप्रैल संवाददाता :** जिला पुलिस ने लाक डाउन का उल्लंघन करने के मामले में दर्जनों को विभिन्न थाना क्षेत्र से पकड़ा .जिन्हे बाद में पी आर बान्ड पर छोड़ा गया है.उक्त मामले में सोनारी थाना में सअनि संजय कुमार यादव के बयान पर कपाली बस्ती निवासी एम लक्षमण पुर्ति,धनेश राम,राजेश कालिन्दी,भुवनेश्वर कुमार,मुकेश लौहार,भुषण कुमार के खिलाफ सरकारी आदेश का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है गत तीन अप्रैल को मैरीन डाईभ कपाली में सरकारी आदेश का उल्लघन करते पकडे गये थे.टेल्को थाना में कनीय अभियंता ग्रामीण विकास विभाग केअक्षय किक्कु के बयान पर बारीनगर के मोहम्मद शाहीद, अमीत पोदार, अतिउररहमान, अजीजुर रहमान के खिलाफ सरकारी आदेश का उल्लघंन करने का मामला दर्ज किया गया है. ओलीडीह थाना में सहायक अभियंता लघु सिचांई प्रमंडल के श्रवण कुमार के बयान पर सनातन गोराई उर्फ सोना ,राजेश गोराई, संतोष कुमार, बिनोद सिंह, शमी कुजुर, मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद अब्दुल ,वहीदा खान, अमरेन्दर कुमार सिंह, सागर ठाकुर के खिलाफ लाक डाउन का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है जबकि साकची पुलिस ने आज ओलीडीह ने 9, साकची ने 26 व टेल्को ने चार को पकडा जिन्हे थाना से चेतवानी देकर छोडा गया है.

### फेस बुक में आपत्तिजनक, भड़काऊ व धार्मिक उन्माद फैलाने के मामले में गिरफ्तार, मोबाइल बरामद

**जमशेदपुर :** बिस्टुपुर साईबर थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार मंडल ने फेस बुक पर आपतिजनक ,भड़काऊ व धार्मिक उन्माद फैलाने के मामले में मानगो सुन्दरवन साहरा निवासी खालिद मजिद को गिरफ्तार किया है. जिनके पास से मोबाईल बरामद किया है जिसके माध्यम से प्रचार प्रसार किया था .उक्त मामले में थाना प्रभारी के बयान पर साईबर थाना में धारा 188 ,295 ए, 120बी, 66 ई ,67 आई टी एक्ट व दो हजार के तहत मामला दर्ज किया गया है.पुलिस को गुप्त सुचना मिली थी की सोशल मिडिया के माध्यम से आपतिजनक बातें पोस्ट की है जिस सुचना पर टीम ने छापामारी कर घर से गिरफ्तार किया है.



### बिष्टूपुर : बूचड़खाना पर मारा छापा, तीन गिरफ्तार

**जमशेदपुर :** बिस्टुपुर पुलिस ने आज सुबह धतकीडीह स्थित गामा कुरैशी के घर के पीछे बने खंडहर नुमा मकान में चल रहे बुचड़खाना पर छापामारी की. पुलिस ने छापामारी के दरम्यान तीन अभियुक्तों धतकीडीह निवासी मोहम्मद शहजादा कुरैशी, तस्लीमा बेगम व साईयां वारिस को गिरफ्तार किया है अन्य भागने में सफल रहे. टीम ने घटनाथल से दौ सौ किलो गौं मांस के साथ औजार व तराजु आदि समान बरामद किया है.उक्त मामले में पुअनि राहुल सिंह के बयान पर मोहम्मद शहजादा, सरफराज कुरैशी, फहम कुरैशी, राजा कुरैशी, तस्लीमा बानों, साईया वारीस के खिलाफ गौ वंश हत्या क्रुरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है.

# पुलिस व सफाईकर्मियों के बीच बांटे ओरआरएस, बिस्कुट व पानी

**जमशेदपुर, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** ओम कांवरिया सेवा संघ के संरक्षक पप्पू सिंह के तरफ से टेल्को, बिरसानगर, गोलमुरी, साकची, भालूबासा एवं गोविंदपुर के विभिन्न चेकपोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों एवं सफाई कर्मियों के बीच ओआरएस, बिस्किट,पानी बोतल संघ की तरफ से बांटा गया। इस आपदा की घड़ी में संघ हर तरफ से प्रशासन को मदद करने की भरपूर कोशिश कर रहा है। संघ के संरक्षक पप्पू सिंह,पूर्व डीएसपी धनंजय सिंह और आरके सिंह का कहना है कि जब तक यह लॉकडाउन चलेगा तब तक उनके तरफ से सहयोग दिया जाएगा। इस मौके पर संघ के सतीश सिंह, किशोर कुमार, गौरव सिंह, रामजी, योगेश रोहित आदि उपस्थित थे।

**इंटक नेता ने बागुनहातु में 250 खाना पैकेट बांटा :** कोरोना वायरस के मद्देनजर जरूतमंद लोगों के बीच रात्रि के भोजन का वितरण किया गया। इंटक नेता संजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में बागुनहातु में ढाई सौ पैकेट भोजन का वितरण किया गया। इस मौके पर सिदगोड़ा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज ठाकुर तथा कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



### राजकुमार ने सरजामदा में बंटवाया राशन



**जमशेदपुर :** जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने दक्षिण सरजमदा पंचायत में लोगो को राशन उपलब्ध कराए। राजकुमार को कहीं से पता चला कि सरजामदा जाहेर टोला मनसा मंदिर के पास रहने वालों के पास राशन नही है। उपाध्यक्ष ने तुरंत अपने लोगो से राशन भिजवाया और लोगो को बांटने का काम किया। इस काम मे निमाई दास दीपक करुआ और नरेंद्र कुमार लगे हुए थे। राज कुमार ने कहा की हम लोग वैसे लोगो को चिन्हित कर रहे जिसके पास कोई राशन कार्ड नही है और कोई रोजगार नही है। उनको अपनी ओर से मंगलवार से घर घर जा कर राशन देने का काम करेंगे।

### 2 माह का मिले वेतन अन्यथा लॉकडाउन के बाद मेन गेट पर देंगे धरना

**जमशेदपुर, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** टाटा मोटर्स के कांवाई चालकों को भी 2 माह का वेतन दिया जाए अन्यथा लॉकडाउन समाप्त होने के बाद सभी कनवाई चालक टाटा मोटर्स गेट पर धरना देने को बाध्य होंगे। टाटा मोटर्स कांवाई चालकों के विपक्षी नेता ज्ञान सागर प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि टाटा मोटर्स के कांवाई चालकों समेत इंचार्ज की कुल संख्या 1300 हैं। कंपनी के स्थाई व स्थायी कर्मचारी के तर्ज पर चालको को भी 2 माह का वेतन मिलना चाहिए। जबकि केंद्र, राज्य एवं टाटा संस के चेयरमैन के द्वारा 2 माह का वेतन देना अनिवार्य किया है। ज्ञान सागर ने बताया कि संगठन दूरभाष पर सभी चालको से संपर्क कर निर्णय लिया है कि चालकों को भुगतान नहीं हुआ तो सभी चालक लॉकडाउन के बाद टाटा मोटर्स गेट पर धरना देंगे। इसकी जवाबदेही टाटा मोटर्स प्रबंधन एवं जिला प्रशासन की होगी। इसे सफल बनाने में अमरनाथ चौबे, दिनेश पांडे, गोविंद सिंह, अवधेश कुमार सिंह, इंद्रपाल सिंह, मोहम्मद इश्तियाक, अजीत कुमार आदि शामिल हैं।

## नेहरू युवा केंद्र द्वारा कोरोना जागरूकता रथ का भ्रमण



**जमशेदपुर, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** नेहरू युवा केंद्र संगठन के युवा क्लब एवं बी.बी.के. संस्था के द्वारा संयुक्त तत्वाधान निरंतर 14वॉ दिन में कोरोना जागरूकता रथ के साथ सोनारी, कदमा क्षेत्र का भ्रमण किया। जिसमें इन युवा साथियों ने मोहल्लों, सड़कों, बस्तियों में जाकर लोगों को कोरोना वायरस के इस महामारी के इस जागरूकता अभियान चलाकर लोगों से घर पर रहने की अपील की अपने आस-पास सफाई रखने की बात को बताया। इस जागरूकता अभियान में सभी सब्जी बाजार में सामाजिक दूरी, जागरूकता परची एवं सैनिटाइजर को मुफ्त में वितरण किया, लोगों को बार बार हाथ धोने की बात को बताया। इस अभियान में अर्खम युवा क्लब के अभिनव कुमार राय, विशाल सिंह, संदीप गोप, पवन, एवं आरंभ युवा क्लब से अभिषेक कुमार सिंह, प्रदीप रजक, चंदन आदि युवा साथी विशेष योगदान दे रहे है।

### कृष्णा एवं अन्य ने किया भोजन वितरण



**जमशेदपुर, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** आज 4 तारीख का बिरसा नगर टू बी में वितरण किया गया विधायक सरयू राय के द्वारा भोजन की व्यवस्था की गई भारतीय मजदूर संघ ने भोजन को बांटने का काम किया भारतीय मजदूर संघ के कृष्णा सिंह का कुली हांसदा अरुण गोराई आदि ने वितरण किया.

### दिनेश्वर प्रसाद सिंह दिनेश अमृत महोत्सव स्थगित

**जमशेदपुर, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** दिनेश्वर प्रसाद सिंह दिनेश अमृत महोत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में 26 अप्रैल,को निर्धारित अमृत महोत्सव समारोह का आयोजन कोरोना कहर के कारण तत्काल स्थगित कर दिया गया है। आयोजन समिति के महासचिव राजदेव सिन्हा ने बताया कि स्थिति सामान्य होने के पश्चात् अगली तिथि निर्धारित कर आमंत्रण पत्र संप्रेषित किया जा सकेगा।

### हिंद आश्रम व गोविंदपुर में 500 लोगों को कराया भोजन



**जमशेदपुर, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** शहर में कोरोना वायरस के कहर से उत्पन्न भुख की समस्या से निजात दिलाने के लिए हिन्द आश्रम, वर्मामाइंस एंव रामपुर गिट्टीमशीन गोविन्दपुर के 500 जरुरतमंद लोगों के बीच भोजन बॉटा गया. इसमें मुख्य रुप से भारतीय जनसेवक परिषद् के केन्द्रीय अध्यक्ष सुभाष उपाध्याय, जिला कॉग्रेस के महामंत्री चंदन पाण्ड़ेय, परिषद के जिलाध्यक्ष अरविन्द साहु, समाजसेवी सन्नी सिंह, राजु कुमार, अजय प्रसाद , नितिन मिश्रा समेत अन्य सक्रिय रहे.

### 125 परिवारों के बीच बांटा सूखा राशन



**जमशेदपुर, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** महामारी का रूप ले चुका कोविड-19 के चलते पूरा देश में लॉकडाउन हैं। इस विषम परिस्थिति में ललित नारायण मिश्र सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए अभावग्रस्त परिवारों में समिति पिछले 6 दिनों से खाद्य सामग्री आटा 10 किलो, चावल 5 किलो, सरसों तेल आलू नमक साबुन चूड़ा गुर इत्यादि एक परिवार को तकरीबन 10 दिनों का खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध करा रही है। इसमें महासचिव शंकर पाठक के नेतृत्व में बागबेड़ा, जुगसलाई, हरहरगुटू, विष्टुपुर क्षेत्र तथा कोषाध्यक्ष अशोक झा पंकज एवं उपाध्यक्ष राजीव ठाकुर के नेतृत्व में गोविंदपुर, गदरा, राहरगोड़ा, जेम्को क्षेत्र अध्यक्ष पी एन झा द्वारा बारीडीह बस्ती आदित्यपुर क्षेत्र में सुबोध झा,अशोक पाठक आदि क्षेत्रों में कुल मिलाकर अब तक 125 परिवारों को यह खाद्यान्न उपलब्ध करवा चुकी है। इस कार्य को सफल बनाने में कोल्हन विश्वविद्यालय कुलानुशासक अशोक अविचल, गोपाल जी, प्रेमचंद्र झा, धनंजय सिंह, अजय कुमार झा, रंजीत झा, प्रमोद कुमार झा आदि का लोगों का अहम योगदान रहा है।

### गोविंदपुर अन्ना चौक पर खुली पनशाला



**जमशेदपुर, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** चिलचिलाती धूप में राहगीरों समेत अन्य लोगों को राहत देने को लेकर बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोविंदपुर के अन्ना चौक पर पनशाला खोला गया है। शनिवार को इसका उद्घाटन चौक पर तैनात मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों ने फीता काटकर किया। पनशाला खुलने के साथ ही लोगों को चना गुड़ के साथ शीतल जल पिलाया गया। यहां पनशाला खुलने से वर्तमान में लॉकडाउन के कारण पुलिस चौक पोस्ट पर तैनात तमाम पुलिस एवं आने जाने वाले राहगीरों को लाभ मिलेगा। यह पनशाला स्थानीय पूर्व मुखिया कांता देवी के सौजन्य से खोला गया है। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मुखिया कांता देवी, संजय मिश्रा, सरोज कुमार, सुनील कुमार, मुरली राव, सतीश पाठक, अजीत सिंह आदि उपस्थित थें।

## पृष्ठ एक के शेष

### पुलिस से मुठभेड़ में...

कार्रवाई में पुलिस ने तीन नक्सलियों को मार गिराया. पुलिस ने घटनास्थल से बड़ी संख्या में हथियार और पिट्ठू बरामद किए. बताया जाता है कि नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे. घटनास्थल जंगली इलाका है. नक्सलियों की संख्या 20 बतायइ गई है. सूचना मिलने के बाद पश्चिमी सिंहभूम के एसपी इंद्रजीत महथा ने घटनास्थल का दौरा किया और इसकी जानकारी ली. एसपी ने बताया कि घटना में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना है. मारे गए नक्सलियों की पहचान अभी नहीं हो सकी है. गुदड़ी के बुरुगुलीकेरा में ही उपमुखिया समेत सात ग्रामीणों की हत्या कर दी गई थी. इस घटना को पत्थलगढ़ी समर्थकों ने अंजाम दिया था. सभी की जंगल में ले जाकर सामूहिक हत्या कर दी गई थी. एक ३०३ तथा दो देसी रायफल, सैकड़ों गोलियां, एक लेंस गन, दो आइडी, नौ तीर बम, दो धनुष, तीन वायरलेस सेट, एक दूरबीन, तीन रेडियो सेट, १३ जरकिन, दवाई, खाना बनाने के बर्तन, दरी, ७ पिट्ठू, दैनिक उपयोग की सामग्री एवं अन्य सामान काफी मात्रा में मिले हैं. तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. हाल के महीनो में पोड़ाहाट क्षेत्र में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है. भाकपा माओवादी सहित पीएलएफआई के कई नक्सलियों को गिरतार किया गया है. उनमें पीएलएफआई का एरिया कमांडर तक शामिल है.

### सोनुवा में घर उड़ाया...

पीटर्स स्कूल के पास किराये के घर में रहने वाले बिरसा खंडाइत के घर को घेर लिया तथा सदस्यों को हत्या करने के उद्देश्य से बाहर निकाला जाने लगा. सूचना मिलने पर सोनुवा थाना प्रभारी सैट-३ के सशस्त्र बल एवं थाना के सशस्त्र बल के साथ उसी समय आ धमके और मोर्चा संभाल लिया तथा नक्सलियों नक्सलियों को भागने के लिए मजबूर कर दिया. वे रातके अंधेरे में भाग निकले. लेकिन उसके घर को आइइडी ब्लास्ट से क्षतिग्रस्त कर दिया. पुलिस ने बिरसा खंडाइत को तो बचा लिया, लेकिन उसके दोस्त नितिन कुमार जामुदा को नक्सलियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. नितिन जामुदा को बेहतर इलाज हेतु एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर भेजा गया. पुलिस के एक अधिकारी ने वहां पहुंचकर मदद की. सोनुवा थाना में कांड दर्ज कर पुलिस नक्सलियों के विरूद्ध छापामारी अभियान चला रही है.

### राशन कार्डधारियों को मई में...

में अप्रैल से जून तक 30 किलो चावल मिलेगा. मालूम हो कि सूबे में दो तरह के कार्डधारी हैं, एक पीएचएच और दूसरे अंत्योदय. अंत्योदय को सरकार प्रति परिवार 35 किलो देती है. इनके साथ भी वही मानक है. अपर मुख्य सचिव बोले, लॉकडाउन का पालन कर करें सरकार का सहयोग(कोलन) राज्य के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से लोगों को भरपूर राशन मुहैया कराने की योजना तैयार है. अभी अप्रैल-मई का राशन एक रुपये की दर से सभी राशनकार्डधारियों को दिया जा रहा है. मई में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से हर कार्डधारी को अप्रैल-मई का राशन मुफ्त दिया जाएगा. जून महीने में भी दो महीना का अनाज एक साथ मिल जाएगा. पांच किलो अनाज पीएम गरीब कल्याण से मुफ्त मिलेगा और पांच किलो राज्य सरकार की ओर से एक रुपया दर पर मिल जाएगा.

### राजीव अरुण...

एवं राजभाषा विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है. सरकार ने फिजूलखर्ची पर रोक लगाई झारखंड सरकार ने फिजूलखर्ची पर रोक लगाई है. इसके मुताबिक अब कर्मियों को वेतन- पेंशन तो मिलेगा लेकिन योजनाओं की राशि की निकासी पर रोक लगा दी गई है. निर्माण कार्यों के एवज में निकासी और एडवांस पर पूरी तरह से रोक रहेगी. स्वास्थ्य विभाग भी निर्माण से संबंधित पैसे की निकासी अब नहीं कर सकेगा.

### टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत...

तथा फॉर्म 15एच जमा करता है तो ये फॉर्म 30 जून, 2020 तक मान्य होंगे.' सीबीडीटी ने कहा कि जिन नियोक्ता या भुगतानकर्ताओं ने फॉर्म 15जी तथा फॉर्म 15एच के आधार पर टैक्स डिडक्ट नहीं किया है, उन्हें आयकर अधिनियम, 1962 के नियम 31ए(4)(8) के प्रावधानों के तहत इस तरह के भुगतान या क्रेडिट की जानकारी 30 जून को समाप्त होने वाली तिमाही में टीडीएस स्टेटमेंट में देना जरूरी होगा.

### झारखंडः1.35 लाख लोग...

जबरन किसी को मकान खाली करने को कहता है तो वे जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 1950 में इसकी शिकायत दर्ज करा सकते हैं. साथ ही डीसी ने रांची जिला के सभी औद्योगिक प्रतिष्ठान, दुकान और व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालकों को लॉकडाउन के दौरान अपने कर्मचारियों को उनके वास्तविक वेतन के भुगतान का निर्देश दिया है. यह नियम नियमित और संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों के अलावा ऐसे कर्मचारी जो लॉकडाउन के दौरान कार्य नहीं कर रहे हैं उनके लिए भी लागू होगा. रेलवे के 60 कर्मी हटिया यार्ड में दिन-रात बोगियों को अस्पताल का रूप देने में लगे हैं. परिवार भी चिंता में रहते हुए भी उन्हें ड्यूटी पर जाने से रोकने के बजाय प्रोत्साहित करते हैं. 540 बेड का आइसोलेशन वार्ड बनाने में जुटे रेलकर्मियों का कहना है वे कोरोना को हराना चाहते हैं. यहां 15 साल पुरानी बोगियों को अस्पताल का स्वरूप दिया जा रहा है. बोगी में दो टॉयलेट की जगह एक टॉयलेट और दूसरे को नहाने के रूम बनाया जा रहा है. एक कंपार्टमेंट में तीन बर्थ को हटाने का काम किया जा रहा है. यार्ड में 60 रेलकर्मी 60 बोगियों को आइसोलेशन वार्ड बनाने के काम में जुटे हुए हैं. इन 60 बोगियों में 540 आइसोलेशन वार्ड तैयार किया जा रहा है. 9 दिनों में सारी बोगियों को बनाने का काम पूरा हो जाएगा.

### लॉकडाउन से तमिलनाडु...

के बड़ाबाम्बो के ४, सामुरसाई के ३, गोडामारा के ५ मजदूर सहित खरसावां के कुल १२ मजदूर लॉकडाउन से तमिलनाडु में फंसे हैं. लॉकडाउन अवधि के लिए जनरल स्ट्रील वर्कर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मजदूरों को मार्च महीने की मजदूरी का भुगतान कर दिया गया है. लेकिन ठेकेदार ने मजदूरी नहीं दी है. इस कारण मजदूरों में समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है. उन्हें वहां न तो पैसे मिल पा रहे हैं और न ही भोजन के लिए राशन. इसके अलावा शनिवार की सुबह ठेकेदार ने कंपनी के अंदर 60 मजदूरों से काम करवा रहा है. इससे कोरोना वायरस संक्रमण की आशंका बढ़ गई है. साथ ही लॉकडाउन के नियमों का धज्जियां उड़ायी जा रही हैं. तमिलनाडु में फंसे खरसावां के मजदूरों में कृष्णा नायक, गजेन्द्रर नायक, सोमा नायक, दिनेश नायक, प्रदीप नायक, निरंजन नायक, मिथुन नायक, मुचिया नायक, सूरज नायक, जितेन नायक, कीर्तन नायक, विभीषण नायक तमिलनाडु के पैनल जिला के पुट्टनारी सेलेन में फंसे हैं. उधर, चक्रधरपुर के टोकलो क्षेत्र से २४ मजदूर भी तमिलनाडु में फंसे हैं.

### पीएम विपक्षी पार्टियों के...

कीमत में फेस शील्ड तैयार की है. इसे वायरस से बचाव के लिए चेहरे पर लगाया जाएगा. एक शील्ड की लागत सिर्फ 5 रुपए है. इन्हें 3डी प्रिंटिंग तकनीक से तैयार किया गया है. आईआईटी हैदराबाद, से जुड़े स्टार्टअप एयरोबायोसिस इनोवेशन्स ने एक कम लागत वाला, पोर्टेबल इमरजेंसी वेंटिलेटर बनाया है. इसे जीवन लाइट' नाम दिया गया है. इसकी लागत 1 लाख रुपए है. यह कोरोनावायरस के मरीजों के इलाज में मददगार हो सकता है. गुजरात के उद्योगपतियों को 10 दिन में वेंटिलेटर बनाने में सफलता मिली है. इन्हें सर्टिफिकेट भी मिल गया है. गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने उम्मीद जताई है कि अब राज्य में वेंटिलेटर की कमी नहीं होगी. महाराष्ट्र में पुणे के वैज्ञानिक डॉ मिलिंद कुलकर्णी ने पॉलीप्रोपेलीन मटेरियल से एक स्टिक तैयार की है. यह कोरोनावायरस के मरीजों के स्वाब का सैम्पल लेने में मददगार हो सकती है. बेंगलुरु में इसका क्लीनिकल ट्रायल किया जा रहा है

### हिंदपीढ़ी की घटना के बाद...

ही पूरे शहर में हड़कंप मचा हुआ है. इस दौरान आम लोगों के साथ रांची नगर निगम के सफाई कर्मचारी भी डरे सहमे हुए हैं. इसके बावजूद 2 दिनों के बाद शुक्रवार को हिंदीपीढ़ी क्षेत्र में सफाई और सैनिटाइजेशन करने के लिए नगर निगम के कर्मचारी पहुंचे थे. लेकिन इसी दौरान वार्ड नंबर 22 की पार्षद के पति मोहम्मद असलम ने सफाईकर्मी मुकेश यादव की पिटाइ कर दी थी. वहीं, पार्षद पति को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सफाईकर्मियों ने नारेबाजी भी की. घटना की सूचना मिलने के बाद निगम की हेल्थ ऑफिसर डॉ. किरण मौके पर पहुंची. उन्होंने सफाईकर्मियों को समझाया. उन्हें बताया कि पार्षद ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है. इस मामले को तूल देने के बजाय समझौता करके खत्म किया जाए. ताकि शहर की साफ-सफाई प्रभावित ना हो. लेकिन सफाई कर्मियों ने साफ काम करने से इंकार कर दिया. उन्होंने कहा कि वे शहर के अन्य क्षेत्रों में काम करेंगे लेकिन हिंदपीढ़ी एरिया में किसी भी सूरत में काम नहीं करेंगे. इसके बाद निगम ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जेसीबी लगाकर कुछ क्षेत्रों से कूड़ा का उठाव करवाया है. जबकि शहर के अन्य क्षेत्रों में साफ सफाई का काम पूर्व की तरह ही शुरूकिया गया.

### लाइटें बंद करते ही...

ने एक और चीज पर विचार नहीं किया.' कांग्रेस सांसद शशि थरूर द्वारा किया गया ट्वीट. क्या है सच्चाई : इस दावे की पड़ताल शुरू की तो हमें न्यूज एजेंसी एएनआई का ट्वीट मिला. इसमें मिनिस्ट्री ऑफ पावर के हवाले से लिखा गया है,'पीएम ने 5 अप्रैल को रात 9 बजे से 9.09 बजे के बीच स्वेच्छा से लाइट बंद करने की अपील की है. कुछ आशंकाएं व्यक्त की गई हैं कि इससे ग्रिड और वॉल्टेज में उतार-चढ़ाव हो सकता है, जो बिजली के उपकरणों को नुकसना पहुंचा सकता है. ऐसी आशंकाएं गलत हैं.' मिनिस्ट्री ऑफ पावर के मुताबिक, पीएम ने सिर्फ लाइट बंद करने की अपील की है. स्ट्रीट लाइट और कम्प्यूटर, टीवी, फैन, रेफ्रीजिरेटर और एयर कंडीशनर को बंद करने की अपील नहीं की गई. वहीं अस्पतालों के साथ ही सभी जरूरी सुविधा वाली जगहों जैसे, पब्लिक यूटिलिटी, निगम सेवाएं, कार्यालय, पुलिस स्टेशन आदि की लाइटें चालू रहेंगी. पीएम ने सिर्फ घरों की लाइट बंद करने की अपील की है. पड़ताल के दौरान हमें टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा 3 अप्रैल को प्रकाशित रिपोर्ट भी मिली. रिपोर्ट के मुताबिक, पावर मिनिस्टर आरके सिंह ने शुक्रवार को ग्रिड ऑपरेटर पावर सिस्टम ऑपरेशन कॉरपोरेशन और पावर ग्रिड के अधिकारियों के साथ ग्रिड स्टेबिलिटी को सुनिश्चित करने के लिए रीव्यू किया.

# लॉकडाउन में भी धड़ल्ले से बिक रही अवैध महुआ शराब


इन झोपिड़यों के अंदर शराब की बिक्री होती है.

**आदित्यपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** कोरोना वायरस की वजह से एक ओर जहां पूरे देश में लॉकडाउन का माहौल है. वहीं दूसरी ओर इस अवधि में भी आदित्यपुर थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब की धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है, जिसकी वजह से स्थानीय लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है. जानकारी के अनुसार, वैश्विक महामारी कोरोना की वजह से घोषित लॉकडाउन के बावजूद आदित्यपुर थाने से सटे दिंदली बाजार के आस-पास एवं ओड़िया मध्य विद्यालय के पीछे की अवैध झोपड़ियों में धड़ल्ले से अवैध महुआ शराब की बिक्री कई वर्षो से की जा रही है. और सब कुछ जानने के बावजूद आदित्यपुर पुलिस अनजान बनी हुई है. जबकि वहां शराब पीने आने वाले आगंतुकों को बैठाकर देशी महुआ शराब पीने-पिलाने का कार्य किया जाता है. इसके अलावा आदित्यपुर के बस्ती क्षेत्रों में भी अवैध शराब की बिक्री बदस्तूर जारी है.

# ट्राइबल इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने किया जरुरतमंदों के बीच खाद्यान्न वितरण



**गम्हरिया, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** ट्राइबल इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा कोरोना आपदा को देखते हुए गम्हरिया और जमशेदपुर के अलग-अलग क्षेत्रों में गरीब एवं जरुरतमंद कुल 465 परिवारों को नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया है. इस दौरान टिक्की द्वारा जमशेदपुर के करनडीह, परसुडीह, मानगो, सीतारामडेरा, बिरसानगर, और सरायकेला के गम्हरिया में सहायता केंद्र स्थापित किया गया है. जहां से सदस्यों द्वारा जरुरतमंदों को खाद्यान्न उनके घरों तक पहुंचाया जा रहा है. इस संबंध में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैद्यनाथ मार्डी ने बताया कि गम्हरिया प्रखण्ड एवं जमशेदपुर के अलग-अलग क्षेत्रों में टिक्की के 15 सदस्यों द्वारा सुबह-शाम सेवाएं दी जा रही है. टिक्की द्वारा कई हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किया गया है

ताकि जरुरतमंद तक खाद्यान्न पहुंचाया जा सके. सोशल डिस्टेंस के साथ यह सेवा कार्य मे टिक्की के सदस्यों के अलावा कई अन्य लोगों के सहयोग मिल रहा है. उन्होने बताया कि सेवा निरंतर जारी रहेगी. इस क्रम में शनिवार को गमहरिया के हरिसुंदरपुर ग्राम मे जरूरतमंदों को दाल, चावल, आलू, नमक आदि का वितरण किया गया. श्री टुडू ने कहा कि जरूरतमंद लोग मोबाइल नम्बर 7979706465, 9771323768 पर संपर्क कर सकते हैं. इसमें सुखराम टुडू, सुरेन्द्र टुडू, विजय मिंज, राज मार्शल मार्डी, गोमिया सूंडी, दीपक हेम्ब्रम, बिनय मिंज, माथुर मुर्मू, समीर एक्का, अनुरंजन बागे, सुरेश बिरुआ, रतन मंडल, राजकुमार, मनोज सूंडी अपनी सेवायें दे रहे हैं.

# मोदी आहार का वितरण सातवें दिन भी जारी

**आदित्यपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** नगर निगम के मेयर विनोद श्रीवास्तव के आवास पर लगभग 500 जरुरतमंदों के लिए मोदी आहार बनाने का काम आज लगातार सातवें दिन भी जारी रहा. कोरोना की रोकथाम हेतु विगत 29 मार्च से जरुरतमंदों के लिए मोदी आहार तैयार करने का काम किया जा रहा है. वहीं, मेयर के निजी प्रयास से अब तक सैकड़ों जरुरतमंदों के बीच 17.15 क्विंटल चावल का वितरण किया जा चुका है. इस कार्य में मेयर के सुपुत्र अभिषेक विशाल, आरआईटी मंडल भाजपा के अध्यक्ष मनोज तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता अपनी भूमिका निभा रहे हैं.

**श्री शनिदेव भक्त मंडली ने की जरुरतमंदों की मदद :** वैश्विक महामारी कोरोना की रोकथाम हेतु श्री शनिदेव भक्त मंडली (ट्रस्ट), एक पहल समाज के लिए के द्वारा जरुरतमंदों के बीच हैंड सैनिटाईजर, हैंड ग्लब्स, बिस्कुट, पानी आदि का वितरण किया जा रहा है. इस क्रम में मंडली के द्वारा आदित्यपुर, गम्हरिया, टायो, चांडिल आदि स्थानों पर ड्यूटी पर तैनात प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के बीच उक्त सामग्री का वितरण किया गया. संस्था का सेवा कार्य भविष्य में भी जारी रहेगा. इस मौके पर कई सदस्य मौजूद थे.

**माता भगवती भोजनालय में पांचवें दिन भी बना भोजन :** आदित्यपुर-2 के मार्ग संख्या-10 स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ स्थित माता भगवती भोजनालय में आज पांचवें दिन 150 जरुरतमंदों के लिए भोजन (पुड़ी व सब्जी) तैयार किया गया. और फिर तैयार किया गया भोजन का पैकेट आपदा निवारण युवा वाहिनी के द्वारा एस टाईप, आरआईटी मोड़, इंडस्ट्रियल एरिया, बन्तानगर, कुलुपटांगा, इच्छापुर, मांझीटोला बस्ती, गम्हरिया सहित सार्वजनिक चौक-चौराहे पर जरुरतमंदों के बीच वितरीत किया गया. इस दौरान सैनिटाइजिंग करते हुए जरुरतमंदों को वस्त्र भी प्रदान किया गया.

# पूरे देश के लिए कोरोना महामारी, लोगों की सेवा जरूरी : प्रदीप

### अंतर्राष्ट्रीय संगठन मानवाधिकार व अपराध नियंत्रण संरक्षण ने कराया जरूरतमंदों को भोजन

**जमशेदपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** अंतर्राष्ट्रीय संगठन मानवाधिकार व अपराध नियंत्रण संरक्षण के जिलाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने कहा कि पूरे देश ही नहीं पूरी दुनिया के लिए कोरोना महामारी गंभीर बनी हुई है. जानमाल का भारी नुकसान हो रहा है. देश में भी लॉक डाउन है जिससे गरीबों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है. इस स्थिति में जरूरतमंदों की मदद करना जरूरी है. संगठन की ओर से जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी वितरित की गई.

अंतर्राष्ट्रीय संगठन मानवाधिकार व अपराध नियंत्रण संरक्षण के जिलाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बताए गए इलाके में दो ग्रुप बना कर खिचड़ी वितरित की गई. एक ग्रुप ने मानगो, वास्तु विहार, पारडीह, बच्चा सिंह बस्ती में जरूरतमंदों को भोजन कराया जबकि दूसरे ग्रुप ने पटमदा, सीआरपीएफ कैम्प के पास रहने वाले जरूरतमंदों को भोजन का वितरण किया. संगठन के जिलाध्यक्ष ने लोगों को कोरोना वायरस से बचाव के लिए सामाजिक दूरी, साफ सफाई बनाए रखने की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि लोगों को किसी तरह की जरूरत पड़े तो संगठन के कार्यकर्ताओं से सम्पर्क करें. इस दौरान पटमदा के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार साहा, पदमदा के थाना प्रभारी, मुखिया दीपाली मुर्मू, ग्राम प्रधान वृंदावन दास ने जनता मिडिल स्कूल व बस्ती में करीब 700 लोगों को भोजन कराया. इस मौके पर लोगों के बीच मास्क व सेनिटाइजर का भी वितरण किया. इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष सपना यादपव, जिलाउपाध्यक्ष मो. सलीमुद्दीन, किशोर वर्मन, हंसपाल सिंह, अमरप्रीत सिंह, प्रदीप विग, हरिजन्दर सिंह, बी नन्दी, राजेश गुप्ता आदि मौजूद थे.

# युवा कांग्रेस सैकड़ों लोगों को करा रहा भोजन



**जमशेदपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** युवा कांग्रेस की ओर से गोविंदपुर के विभिन्न क्षेत्रों जहां गरीब तबकों के बीच लगभग 350 परिवार को राशन वितरण किया गया. बर्मामाइंस में गांधी आश्रम में लगभग 50 लोगों के बीच राशन दिया गया. 300 लोगों का भोजन की व्यवस्था बराद्वारी मे गरीबो के बीच की गई. लोक डाउन में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के बीच खाद्य सामग्री एवं शीतल पेय पदार्थ का वितरण किया गया. 1000 हैंड गलब्स, सेनीटाइजर, मास्क एवं साबुन का वितरण किया गया.

गोविंदपुर में बाहर से आने वाले ट्रक चालक जो यहां फस गए हैं उन्हें राशन के साथ साथ भोजन की भी व्यवस्था की गई. इस कार्य में डॉ परितोष सिंह के साथ मुख्य भूमिका अदा करने वालों में विजय यादव, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संजीव रंजन, पवन तिवारी, गोपाल यादव, तनवीर खान, प्रशांत चौधरी, सुशील तिवारी, रोहित सिंह, बिजेंद्र साहु, दिनेश सिंह, जगदीश महतो, देवाशीष घोष, अमित कुमार, रोहित पाल, शरत बेहरा सहित कई लोग शामिल हैं.

## टेल्को श्रीराम मंदिर समिति ने बांटी खिचड़ी



**जमशेदपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** कोरोना वायरस महामारी के रोकथाम हेतू देशव्यापी लॉकडाउन चालू है. श्रीराम मंदिर समिति टेल्को द्वारा लगातार तीसरे दिन सैकड़ों जरुरतमंद परिवारजनों के बीच प्रकाशनगर में खीचड़ी का वितरण किया गया. इसके पूर्व लक्ष्मीनगर, बर्मामाइंस, लुआबासा, हुरुलुंग क्षेत्रो में भोज्य पदार्थो का वितरण किया गया था. इस कार्य में मंदिर समिति के महामंत्री च्रदंभान सिंह, पुजारी जीवानंद मिश्र, बिनोद मिश्र, अजीत सिंह ढुनमून, अरुण सिंह, राजू मिश्रा, राजेश मिश्रा, मिथिलेश झा, सुमन समेत अन्यों का सक्रिय सहयोग रहा.

# टाटा मोटर्स के अस्थायी कर्मियों को मिला वेतन

**जमशेदपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** टाटा मोटर्स के अस्थायी कर्मचारियों को मार्च महीने का वेतन शनिवार को उनके बैंक खाते में चली गई. फिलहाल मार्च में काम करने वाले अस्थायी कर्मचारियों को वेतन मिला है. वैसे अस्थायी कर्मी जिन्होंने मार्च महीने में ड्यूटी नहीं की है वैसे कर्मचारियों को लॉकडाउन के तहत नौ अप्रैल तक वेतन मिलेगा. टाटा समूह के चेयरमैन व सरकार के घोषणा के मुताबिक काम नहीं करने वाले कर्मचारियों को कम से कम 12 हजार मिलेंगे. फिर मई महीने में अप्रैल के लॉकडाउन का पैसा भी मिलेगा. जानकारी के मुताबिक कंपनी में अस्थायी कर्मचारियों की संख्या करीब पांच हजार है. ब्लॉक-क्लोजर की वजह से मार्च महीने में कर्मचारियों का काम नहीं मिला है. दूसरी ओर ठेका मजदूरों को भी कम से कम 9 हजार रुपये का भुगतान हो इसका ध्यान कंपनी ने रखा है. कंपनी ने सभी वेंडरों को ठेका मजदूरों को लॉकडाउन अवधि के वेतन का भुगतान का निर्देश भी जारी किया है.

## संक्षिप्त खबरें

## राशनकार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदक को सूची के आधार पर राशन वितरण शुरू



**गम्हरिया, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** झारखंड सरकार द्वारा आवंटित आपदा राहत कोष से राशनकार्ड ऑनलाइन आवेदन सूची के तहत आवेदकों को पंचायत के राशन डीलरों को 10-10 किलो अनाज आवंटित किया गया है. प्रखंड के सभी जविप्र दुकानदारों द्वारा प्रतिक्षा सूची में शामिल आवेदकों को उपलब्ध सूची के आधार पर खाद्यान्न मुहैया किया जा रहा है. इस क्रम में जगन्नाथपुर पंचायत के शिवनारायणपुर ग्राम स्थित नंदी गगराई के दुकान में ग्राहकों को सोशल डिस्टेंस बनाकर राशन मुहैया कराया गया. इस मौके पर बलिराम मांझी समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे.

## लॉकडाउन की अवधि का पूर्ण वेतन नहीं देने पर होगी कार्रवाई : श्रम अधीक्षक

**आदित्यपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** कोरोना वायरस की वजह से जारी लॉक डाउन की अवधि में सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत सभी कंपनियों को अपने कर्मचारियों को पूर्ण वेतन देना है, लेकिन कई प्रतिष्ठानों द्वारा इसका अक्षरश: पालन नहीं किया जा रहा है. इस संबंध में सरायकेला-खरसावां जिला श्रम अधीक्षक के अनुसार अप्रैल में मार्च महीने का अगर पूर्ण वेतन भुगतान नहीं किया जाता है. तब शिकायत मिलने पर दुकान, प्रतिष्ठान व कंपनियों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी.

## संत कबीर सेवा संस्थान ने की राशन सामग्री वितरित



**गम्हरिया, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** संत कबीर सेवा संस्थान गम्हरिया व गुरुकुल सैनिक आवासीय विद्यालय हरदला के माध्यम से सामाजिक कार्यकर्ता दिग्विजय भारत ने आदित्यपुर नगर निगम गम्हरिया क्षेत्र के दोमुहानी, सापड़ा, सतबहिनी व जुलुमटांड में असहाय व वृद्ध महिलाओं से मिलकर उनका कुशल क्षेम लेते हुए उन्हें राशन सामग्री, सहयोग राशि एवं मोमबत्ती व माचिस देते हुए 5 अप्रैल को रात 9 बजे अपने-अपने घर के दरबाजे पर दिया जलाने की अपील की. उन्होंने देश में कोरोना से लड़ाई के लिए लोगों में एकता, हिम्मत व उत्साह का प्रकाश के दीप जलाने एवं लॉकडाउन का पालन के लिए आग्रह किया. इस मौके पर संस्थान के जिला समन्वयक अमित कुमार, सुमित सिंह, अजय दास व मुरारी कुमार आदि ने अपना सहयोग दिया.

## नवयुवक समिति ने कराया असहाय लोगों को भोजन



**गम्हरिया, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** आदित्यपुर नगर निगम वार्ड नं. 3 में नवयुवक समिति सतबहनी की ओर से गरीब व असहाय लोगों को भोजन कराया गया. इस मौके पर संरक्षक भगवान सिंह, अध्यक्ष पंकज सिंह, युवा अध्यक्ष, चन्दन सिंह, कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह, मानिकचंद्र दास, बृजेशपति त्रिपाठी, सुरेंद्र पाण्डे, अनिल सिंह, गिरवर प्रसाद, अनिल प्रसाद, अरविंद सिंह, अमित सिंह राठौर, चंदशेखर आजाद, अशोक सिंह, राम यादव, राजधारी राय, छोटन सिंह, गंगाधर झा, रत्नेश तिवारी, राकेश कुमार आदि उपस्थित थे.

## गणेश माहली एवं जिप अध्यक्ष शकुंतला माहली के प्रयास से टीएमएच का बकाया बिल माफ



**गम्हरिया, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** गम्हरिया प्रखंड के कांड्रा निवासी बलराम कालिंदी की बेटी सरगम कालिंदी का इलाज टीएमएच में चल रहा था जिसका कुल बिल 80 हजार हो गया था. बलराम कालिंदी का पारिवारिक स्थिति ठीक नहीं है. श्री कालिंदी ने किसी तरह 25000 रुपये जमा कर वे अपनी बेटी का इलाज करा रहे थे. इलाज के बाद बकाया बिल नहीं दे पाने के कारण उनकी बेटी को अस्पताल से छुट्टी नहीं मिल रही थी. इसकी सूचना जब गणेश महाली को मिली तो उन्होंने तत्काल अस्पताल प्रबंधक को पत्राचार एवं दूरभाष पर बात करके 50,000 रुपये का बकाया बिल माफ करवाया. इस कार्य के लिए परिवार वालों ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया है.

## एडीसी ने किया गम्हरिया क्षेत्र की दुकानों का निरीक्षण



**गम्हरिया, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** जिले के एडीसी सुबोध कुमार ने गम्हरिया क्षेत्र के विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने दुकानों से बिकने वाली सामग्री एवं उसके गुणवत्ता, सील, कीमत, माप तौल आदि की जांच की. उन्होंने दुकानदारों को सोशल डिस्टेंस मेंटेन करने का निर्देश दिया. एडीसी ने कई मेडिकल दुकानों का भी निरीक्षण किया तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उनके साथ कई अधिकारी शामिल हुए.

## श्रीराम इंग्लिश उवि ने लोगों के बीच बांटी खिचड़ी

**आदित्यपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** आदित्यपुर स्थित श्रीराम इंग्लिश उच्च विद्यालय के 9 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज एहतियात बरतते हुए कोरोना संक्रमण से निजाते दिलाने हेतु भगवन विष्णु, लक्ष्मी व गणेश जी का पूजा अर्चना एवं हवन किया गया. तत्पश्चात जरूरतमंद लोगों के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया. इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक सुरेश सिंह व प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार आदि अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे.

## अंबेडकर सेवा समिति ने कराया जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध



**गम्हरिया, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** अम्बेडकर सेवा समिति की ओर से कई जरूरतमंद लोगों को शनिवार को भोजन उपलब्ध कराया गया. इस दौरान छोटा गम्हरिया समेत सुदूरवर्ती गांव मुसरीकुदर और मोहनपुर में करीब 200 लोगों के बीच खिचड़ी वितरण किया गया. समिति के अध्यक्ष राजू रजक ने बताया कि आगामी 14 अप्रैल तक प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जाएगा. इस मौके पर राजू रजक, श्याम सुंदर मालाकार, प्रदीप बारीक, अनिल ठाकुर, उमेश रजक, कबिलाश यादव, सुधीर प्रसाद, नारद मंडल, मुकेश कुमार, कृष्णा राम आदि मौजूद थे.

## आरूष मेटल के कर्मचारियों के वेतन का भुगतान जल्द हो : शैलेश पांडेय

**आदित्यपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** झारखंड प्रदेश यूथ इंटक के प्रदेश अध्यक्ष सह आरूष मेटल इम्प्लायज यूनियन के महासचिव शैलेश पांडे ने आरूष मेटल कास्टिंग लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी एसभी एस त्यागी को कंपनी के स्थायी मजदूरों को कम भुगतान करने के संबंद्ध में मिली शिकायत पर पत्र लिख कर उनके (मजदूरों) के हिस्से के पैसे का अविलंब भुगतान कराने का आग्रह किया है. उन्होंने पत्र में झारखंड सरकार तथा भारत सरकार के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि मजदूरों को बंदी के समय का भुगतान हर हालत में करना है. विदित हो कि आज कंपनी में स्थायी कर्मचारियों को उनके बैंक खाते में मार्च महीने का वेतन ट्रांसफर किया, जिसमे सभी कर्मचारियों को लगभग 3 हजार रुपया कम मिलने की शिकायत मिली, जिसके बाद उन्होंने पत्र के माध्यम से कंपनी के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी से आग्रह किया कि सभी स्थायी कर्मचारियों को पूरे माह का भुगतान करें तथा साथ ही साथ उन्होंने ठेकेदार मजदूरों को भी मार्च महीने के वेतन भुगतान अविलंब करने का आग्रह किया है.

## गुरुद्वारा कमेटी ने जरुरतमंदों के बीच खिचड़ी बांटी



**गम्हरिया, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से शनिवार को लाल बिल्डिंग चौक पर गरीब, असहाय एवं जरुरतमंद लोगों के बीच खिचड़ी वितरण किया गया. इसमें गम्हरिया पुलिस ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. खिचड़ी वितरण के दौरान सोशल डिस्टेंस मेंटेन किया गया. इसे सफल बनाने में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन सरदार चंचल सिंह, अध्यक्ष जस्सा सिंह, इंद्रजीत सिंह, सुखबीर सिंह, हरदेव सिंह, सुखदेव सिंह आदि उपस्थित थे.

## मंगलम सोसाइटी के सदस्यों ने बांटा भोजन



**गम्हरिया, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** मंगलम सोसायटी के सदस्यों ने वार्ड 3 के सैंकड़ों गरीब, असहाय एवं जरुरतमंद लोगों के बीच पुरी सब्जी का वितरण किया गया. इसमें अमित कुमार सिंह, विकास, श्रीकांत, जयकांत, अमोद, बंकिम चौधरी, रुपेश गोराई, धनंजय स्वर्णकार आदि शामिल थे.

## उद्गम संस्था ने जरुरतमंदों के बीच बांटे राशन पैकेट



**आदित्यपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** कोरोना वायरस की वजह से जारी लॉक डाउन के दौरान राशन कार्ड से वंचित एवं जरूरतमंद लोगों के बीच सामाजिक संस्था उद्गम द्वारा घर-घर जाकर राशन वितरण का कार्य जारी है. आज दूसरे दिन वार्ड संख्या 10 स्थित कृष्णापुर गांव में जरुरतमंद लोगों के बीच राशन पैकेट (चावल, आलू व तेल आदि) का वितरण किया गया. इस कार्य में उद्गम संस्था की संरक्षिका सोनिया सिंह, जमशेदपुर की सांसद विद्युत महतो की पत्नी उषा महतो, पार्षद अभिजीत महतो, रंजन दास व गौतम महतो आदि सदस्यों का काफी योगदान रहा. ज्ञात हो कि लॉक डाउन की अवधि तक उद्यगम संस्था की टीम द्वारा प्रत्येक दिन किसी न किसी वार्ड में जाकर जरूरतमंदों लोगों तक राशन पहुंचाया जायेगा.

## कर्मचारियों के वेतन भुगतान का मार्ग प्रशस्त

**आदित्यपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** राज्य सरकार के योजना सह वित विभाग के द्वारा माह मार्च की अवधि के लिए कर्मचारियों के वेतन भुगतान का मार्ग प्रशस्त कर दिया गया है. कर्मचारी नेता शशांक कुमार गांगुली ने इसके लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया है तथा सभी कर्मचारियों से वर्तमान विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाये रखने की अपील की है. इस संबंध में बयान जारी कर श्री गांगुली ने सभी कर्मचारियों से लॉकडाउन का अनुपालन करने की अपील की तथा कहा कि सरकारी अमला के साथ-साथ कर्मचारी भी इस महामारी के प्रसार को रोकने में अपना योगदान दे रहे हैं.

## बंतानगर में जरुरतमंदों के बीच बंटा भोजन

**आदित्यपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** कोरोना की वजह से घोषित लॉकडाउन की अवधि में जरुरतमंदों के बीच इंडियन वेलफेयर सोसायटी के द्वारा आज भोजन का वितरण किया गया. इस क्रम में सोसायटी की पदाधिकारी सोनी दास एवं नीतू ठाकुर के द्वारा संयुक्त रूप से बन्तानगर बस्ती में जरुरतमंदों को भोजन प्रदान किया गया. साथ ही बस्तीवासियों से सोशल डिस्टेंस का अनुपालन करने और स्वच्छ रहने तथा बार-बार साबुन से हाथ धोने की भी अपील की गई.

# भारत में अबतक 3229 मामले, 68 की मौतें

देश में अब तक कोरोनावायरस के 3229 पॉजिटिव केस सामने आए हैं. इनमें से 30% तब्लीगी जमात के मरकज से लौटे लोगों की वजह से फैले हैं. पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 601 मामले बढ़े और 12 मरीजों की मौत हुई. यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार शाम को दी गई. मंत्रालय के सचिव लव अग्रवाल ने बताया कि सबसे ज्यादा संक्रमण युवाओं में देखा गया है. अब तक मिले संक्रमितों में 42% की उम्र 21 से 40 साल है, जबकि 33% मरीज 41 से 60 उम्र के बीच हैं. 60 साल से ऊपर के 17% मरीज हैं. 0 से 20 साल के बीच सिर्फ 9% मामले देखे गए हैं.

अग्रवाल ने बताया कि कुछ जिलों में तेजी से संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है. उन्हें कम के लिए विस्तृत प्लान बनाया जा रहा है. संक्रमण से जुड़े तकनीकी जानकारी के लिए 30 से ज्यादा मॉड्यूल बनाया गया है. इसे मंत्रालय की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है. सभी राज्यों के डॉक्टर्स और हेल्थ वर्कर्स को इसके जरिए ट्रेनिंग दी गई. आईसीएमआर के अधिकारी ने बताया कि अब सरकार का फोकस है टेस्टिंग की संख्या बढ़ाने पर. एक सप्ताह में 70 हजार टेस्टिंग करने की क्षमता अब हमारे पास है. हम लोग धीरे-धीरे टेस्टिंग की क्षमता बढ़ा रहे हैं.

**तब्लीगी जमात के संक्रमित लोग 17 राज्यों में मिले :** स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि तब्लीगी जमात से संबंधित केस 17 राज्यों से मिले हैं. कुल संक्रमितों में से 1023 केस तब्लीगी जमात से हैं. ये लोग तमिलनाडु, दिल्ली, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, अंडमान निकोबार, उत्तराखंड, केरल, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा सहित अन्य प्रदेशों से हैं. इनके संपर्क में आए 22 हजार लोग क्वारैंटाइन हैं. अग्रवाल ने कहा कि हम इसमें शामिल सभी लोगों की तलाश कर रहे हैं. हमारी लड़ाई जारी है. अगर हम एक भी व्यक्ति को ढूंढ नहीं पाते हैं तो हमारे साथ पूरे देश की मुश्किलें बढेंगी. हम लोगों से अपील करते हैं कि वे हमारा साथ दें.

**आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति जारी :** गृह मंत्रालय की अधिकारी ने बताया कि पूरे देश में लॉकडाउन सही ढंग से लागू किया जा रहा है. आवश्यक सामानों की आपूर्ति संतोषजनक है. राज्य आपदा कार्रवाई की पहली किश्त 11 हजार 92 करोड़ शुक्रवार को जारी कर दी गई है. इसे राज्य अपने हिसाब से कोरोना संक्रमण रोकने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं. कृषि में राष्ट्रीय आपूर्ति चेन के समाधान के लिए काम किया जा रहा है. जो भी समस्या आ रही है उसके निस्तारण के लिए एमएचए का कंट्रोल रूम लगा है. इससे गृह मंत्रालय के 200 लोग जुड़े हैं. यह स्टेट और यूटी के साथ मिलकर लोगों की समस्या दूर कर रहे हैं.

**घर से निकलने वालों को मास्क लगाना जरूरी :** अग्रवाल ने बताया कि घर से बाहर निकलने वाले सभी लोगों के लिए मास्क लगाना जरूरी है. लोग घर में तैयार मास्क का भी प्रयोग कर सकते हैं. जरूरी नहीं है कि सभी लोग मेडिकल कर्मचारियों और डॉक्टरों के लिए उपयोग किए जाने वाले एन-93 मास्क का ही प्रयोग करें. घर में बना मास्क हमें धूल-मिट्टी के साथ मुंह और नाक को हाथ



से छूने से बचाएगा.

**लोग घर में भी पहनें कपड़े का मास्क :** देश में कोरोनावायरस के मामलों में अचानक तेजी आई है. ऐसे में मास्क की मांग बहुत बढ़ गई है. केंद्र सरकार ने लॉकडाउन के 11वें दिन शनिवार को एक एडवाइजरी जारी कर लोगों से कपड़े से घर में बनाए हुए मास्क पहनने को कहा. एजवाइजरी के मुताबिक, घर में बने मास्क पहनने से बड़े पैमाने पर लोगों को संक्रमण से बचाया जा सकेगा. घर से निकलते वक्त लोग कपड़े से घर में बने मास्क जरूर पहनें. कुछ देशों में इस तरह के मास्क इस्तेमाल से फायदा भी मिला है. देश में अभी तक कोरोनावायरस के संक्रमण के तीन हजार से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं.

इससे पहले, अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सभी नागरिकों से गैर मेडिकल ग्रेड मास्क (घरेलू मास्क) इस्तेमाल करने को कहा था. अमेरिकी के सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने भी अपील की थी कि अमेरिकी लोग कपड़े या फैब्रिक से बने मास्क पहनें. इस तरह के मास्क को या तो ऑनलाइन खरीदा जा सकता है या फिर इन्हें घर पर ही बनाया जा सकता है. सामान्य लोगों को मेडिकल ग्रेड मास्क नहीं पहनना चाहिए, क्योंकि ये बेहद कम संख्या में हैं और लोगों की जान बचाने में जुटे मेडिकल स्टाफ के लिए इनकी उपलब्धता जरूरी है.

**कोरोना के मरीज मेडिकल ग्रेड मास्क ही पहनें :** एडवाइजरी में कहा गया है कि घर में बनाए गए मास्क स्वस्थ लोगों में संक्रमण को फैलने से रोकेंगे. ये मास्क हेल्थ वर्कर्स, कोरोना के मरीजों के संपर्क में आने वाले लोगों और खुद मरीजों के लिए नहीं है. इन लोगों को विशेष मेडिकल ग्रेड मास्क पहनने की जरूरत है. सरकार के प्रिंसिपल साइंटिफिक एडवाइजर की ओर से इस पर एक मैनुअल भी जारी किया गया है. इसमें कहा गया है कि देश में घनी आबादी वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को विशेष तौर पर मास्क पहनना चाहिए.

**आम लोग मास्क को रोज धोकर ही पहनें :** एडवाइजरी में बताया गया कि घर पर बनाया गया मास्क संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने पर निकलने वाली बूंदों (ड्रॉपलेट्स) को आप तक पहुंचने से रोकता है. इसे रोज धोकर ही इस्तेमाल में लाना चाहिए. साथ ही मास्क लगाए होने के बावजूद सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान रखना चाहिए.

**सूती कपड़े से मास्क बना सकते हैं, गरम पानी में धोना जरूरी :** मैनुअल के अनुसार किसी भी सूती कपड़े का इस्तेमाल मास्क बनाने के लिए किया जा सकता है. इसके लिए जरूरी नहीं कपड़ा नया ही हो. यह किसी भी रंग का हो सकता है, लेकिन एक बात का ध्यान रखना होगा कि कपड़े को उबलते पानी में अच्छी तरह से 5 मिनट के लिए धोया जाए और पहनने से पहले अच्छी तरह से सुखाया जाए. मास्क बनाने में यह भी ध्यान देना चाहिए कि यह चेहरे पर अच्छी तरह से फिट बैठता हो और इसमें किनारों पर कोई गैप न हो.

**किसी दूसरे का मास्क कभी इस्तेमाल न करें :** फेस मास्क पहनने से पहले अच्छी तरह से हाथ धोएं. अगर फेस कवर गीला या नम हो जाता है तो तुरंत उसे बदल लें और कभी भी बिना धुले इसका इस्तेमाल न करें. अपना मास्क किसी को पहनने के लिए न दें. घर में सभी लोगों के लिए अलग मास्क होने चाहिए.

# कोरोना वायरस : घर में रहें, सुरक्षित रहें



**प्रसांता दास**
**यूनिसेफ प्रमुख, झारखंड.**

31 मार्च को झारखंड की राजधानी रांची में कोरोना वायरस का पहला मामला पाया गया. सबके लिए यह चिंताजनक है कि जिस संकट से निपटने के लिए हम खुद को तैयार कर रहे थे, उसने हमारे राज्य में भी दस्तक दे दी है, वह हमारी सीमा में प्रवेश कर चुका है. अब यह समय कि मांग है कि हम सभी सरकार के निर्देशों का सख्ती से पालन करें तथा सोशल डिस्टेंसिंग तथा नियमित रूप से हाथ धोने जैसे उपायों को व्यवहार में लाएं, यह काफी महत्वपूर्ण है. हमें पता है कि झारखंडवासी खुद को तथा अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए बचाव के सभी तरीकों का बढ़िया से पालन कर रहे हैं और यह किया भी जाना चाहिए.

संकट की इस घड़ी में हमें झूठी सूचनाओं और अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए तथा गलत सूचनाओं को बढ़ावा भी नहीं देना चाहिए. गलत सूचनाओं को फैलाना या बढ़ावा देना स्वास्थ्य संकट को और बढ़ा सकता है, जिसके परिणाम स्वरूप असुरक्षा फैल सकती है और अधिक लोग इस बीमारी की चपेट में आ सकते हैं. गलत सूचना असुरक्षा, भय और भेदभाव की भावना को बढ़ा सकता है.

लाखों लोग इस समय घरों में बंद हैं. ऐसी स्थिति में यह स्वाभाविक है कि हममें से कई लोग जिसमें बच्चे भी शामिल हैं, इस समय काफी डरे तथा घबराए हुए हैं. कोरोनावाइरस के बारे में हम जो कुछ पढ़ रहे हैं, देख रहे हैं अथवा सुन रहे हैं, उसमें यह लाज़िमी भी है. खासकर बच्चे इन दिनों ऑनलाइन माध्यमों अथवा टीवी पर जो कुछ देख या सुन रहे हैं उससे उन्हें स्थिति को समझने में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है. इससे उनके अंदर चिंता, तनाव और उदासी की भावना पनप सकती है. लेकिन यदि बच्चों के साथ इस बारे में खुली चर्चा की जाए तो उन्हे स्थिति के बारे में समझने एवं उसका सामना करने में मदद मिल सकती है. इसके अलावा कोराना से निपटने में वह दूसरों के लिए भी एक सकारात्मक योगदान दे सकते हैं.

अपने बच्चों की भावनाओं को समझें तथा स्वीकारें एवं उन्हें स्थिति के बारे में अच्छी तरह समझाएं. यह घर में एक सुरक्षित वातवारण का निर्माण करेगा. बच्चों के साथ घुलने मिलने एवं चर्चा की शुरूआत करने के लिए कहानी और ड्राइंग जैसी गतिविधियों का उपयोग किया जा सकता है. इस दौरान उन्हें स्वच्छता के अभ्यासों खासकर नियमित रूप से हाथ धोने जैसी अभ्यासों को पालन करने के बारे में बताया जा सकता है. बच्चों को कोरोना वाइरस तथा अन्य दूसरी बीमारियों से बचाने के लिए नियमित रूप से हाथ धुलाई का अभ्यास सीखाना जरूरी है.

बच्चों के लिए यह जानना महत्वपूर्ण होगा कि दुनिया भर में फैली संकट की इस घड़ी में लोग कैसे दयालुता और उदारता के साथ एक-दूसरे की मदद कर रहे हैं. बच्चों को उन स्वास्थ्यकर्मियों, वैज्ञानिकों और उनलोगों की कहानियों के बारे में बताएं, जो इस बीमारी के प्रकोप को रोकने तथा समुदाय को इससे सुरक्षित रखने मेंअपनी भूमिका अदा कर रहे हैं.

हालांकि इस समय स्कूल्स, कोचिंग सेंटर्स और आर्ट क्लासेस बंद हैं, लेकिन बच्चों के सीखने के ऊपर कोई पाबंदी नहीं है. माता-पिता तथा परिवार के सदस्य इसमें महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं. बच्चों के साथ मिलकर उनकी किताबें एक साथ पढ़ सकते हैं. माता-पिता बच्चों को कहानी, कविता आदि रचनात्मक कार्यों को करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं. इसके अलावा वे एक साथ नंबर गेम तथा वर्ड गेम भी खेल सकते हैं. बहुत से ऐसे माता-पिता जो अपनी व्यस्तता के दिनों में बच्चों को अपने व्यवसाय या दैनिक जीवन के बारे में नहीं बता पाते, वह इस समय का उपयोग अपने काम काज के बारे में बच्चों को बता कर कर सकते हैं. हालांकि हम क्लास रूम शिक्षा को ही सीखने के एक माध्यम के रूप में देखने को अभ्यस्त हैं, लेकिन बच्चों के साथ की जानेवाली चर्चाएं तथा फैमिली गेम बच्चों के बौद्धिक तथा मनोसामाजिक विकास में काफी मदद करते हैं.

पोषण की बात करें तो माताओं को इस दौरान स्तनपान जारी रखना चाहिए. यदि माता को कोरोनावाइरस होने का संदेह हो या फिर वह संक्रमित हो गई हो तो मास्क लगाकर बच्चे को स्तनपान करा सकती हैं. इसके अलावा यह महत्वपूर्ण है कि इस दौरान कम से कम प्रोसेस्ड किया हुआ घर का ताजा बना भोजन ही खाया जाए, शरीर में पानी की कमी न होने दी जाए, शारीरिक रूप से सक्रिय रहें तथा नियमित रूप से सूर्य प्रकाश लें. पैकेट रहित फलों, सब्जियों तथा पैकेट बंद दूध, दही आदि को पानी से अच्छी तरह से धोएं. परिवार के सभी सदस्यों द्वारा एक साथ खाना पकाना, खाना तथा घरेलू जिम्मेवारियों का निर्वहन करना पारिवारिक संबंधों को मजबूती प्रदान करेगा. इसके अलावा इससे गर्भवती तथा नर्सिंग महिलाओं तथा छोटे बच्चों को उनकी अतिरिक्त आवश्यकताओं के लिए भरपूर सहयोग एवं समय भी मिलेगा.

कोरोनावायरस का प्रकोप अपने साथ दुनिया भर में भेद भाव की कई घटनाओं को लेकर आया है. कोरोनावायरस बीमारी का किसी के रंग, भाषा और जन्म स्थान से कोई लेना देना नहीं है. हमें उन लोगों से सहानुभूति रखनी चाहिए, जो सभी आवश्यक सावधानियों का पालन करते हुए भी संक्रमित हो जाते हैं. यह आवश्यक है कि जिनमें इसके लक्षण दिखते हैं उन्हें सहयोगपूर्ण वातावरण मिले, इससे उन्हें शुरूआती दौर में ही लक्षण दिखने पर चिकित्सा सेवा प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहन मिलेगा.

यह देखा गया है कि महामारी के दौरान, जब लोगों को घरों में बंद रहना पड़ता है, घरेलू हिंसा की घटनाएं बढ़ जाती है. इससे वयस्कों तथा बच्चों दोनों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है. ध्यान एवं योग जैसी गतिविधियां तनाव को कम करने तथा घरों में सुरक्षित तथा शांत वातावरण बनाने में मदद कर सकता है. और अंत में सबसे महत्वपूर्ण है कि हम सभी सरकार के निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें तथा डर एवं घबराहट से बचें. कृपया घर पर रहें और धैर्य रखें. हम सभी एक साथ मिलकर इस संकट से बाहर आएंगे और हम यह अवश्य करेंगे.

## खबरें जमशेदपुर की

# सरयू की पहल पर 4750 लोगों तक पहुंचा भोजन



**जमशेदपुर, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** राज्य के पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री तथा जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की पहल पर लोगों तक भोजन पहुंचाने का सिलसिला आज लगातार नौंवें दिन भी बिष्टुपुर स्थित आवास से 4750 लोगों का भोजन पूर्वी तथा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जारी रहा. आज का भोजन उपलब्ध कराने में समाजसेवी कृष्णा भोलोटिया, अश्विन आडेसरा तथा अतुल अडेसरा तथा टाटा स्टील का सहयोग रहा. भोजन वितरण व्यवस्था की कमान सुधीर सिंह, अजय सिन्हा, मुकुल मिश्रा, अमित शर्मा, संतोष भगत, प्रवीण सिंह, आकाश साह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र प्रसाद, बीरेन्द्र सिंह, संजय सिंह, धनजी पाण्डेय, राजीव चौहान, अशोक कुमार, असीतानंद जी महाराज, बल्कार सिंह, सुमित साहु, काशीनाथ प्रधान, सुनीता सिंह, भारती केशरी, जीतू पांडेय, पंकज दुबे सहित अन्य सदस्य संभाले हुए हैं.

**फोन कर मांगी मदद, राशन लेकर पहुंचे पारस :** 'सुभाष युवा मंच' के अध्यक्ष पारस नाथ मिश्रा ने लखप्रीत कौर को उनके घर जाकर एक सप्ताह का राशन और आर्थिक मदद की. बर्मामाइंस भक्तिनगर में रहनेवाली लखप्रीत ने श्री मिश्रा को फोन कर मदद मांगी थी. लखप्रीत दैनिक मजदूरी कर अपने पुत्र के साथ गुजारा कर रही है तथा 'लॉक डाउन' के कारण खाना नहीं रहने से दिक्कत हो रही थी. इसी क्रम में उन्होंने मदद का आग्रह किया और पारस नाथ बागबेड़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार के साथ लखप्रीत के घर जाकर व्यक्तिगत खर्च से राशन और आर्थिक मदद की. पारस ने कहा कि अब वे लखप्रीत को अपना बहन बना लिया है, इसलिये उसकी मदद और रक्षा उनका कर्तव्य है.



**बोड़ाम के सबर परिवारों तक पहुंची 'टीम संघर्ष' :** बोड़ाम प्रखंड के लायलम पंचायत के सुदूरवर्ती गांव आंधारजोड़ गांव पहुंचकर 'टीम संघर्ष' के सदस्यों ने सबर जाति के लोगों के बीच अपनी सेवा प्रदान की. वहां रह रहे वहां रह रहे 40 सबर परिवार सहित कुल 200 परिवारों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया. वहां जानेवाले सदस्यों में अरिजीत सरकार के अलावा कुमारेश हाजरा, बिजोन सरकार, रंजीत सिंह, किशोर साहू, अवधेश कुमार वर्मा, मंतोष घोषाल.



**बिरसानगर : जरुरतमंदों में राशन वितरण :** बिरसानगर जोन नं. 7 में सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति के अध्यक्ष रानी गुप्ता के सहयोग से जरुरतमंदों में राशन वितरण किया गया, जिसमें वॉयस ऑफ ह्यूमैनिटी के हरि सिंह के सहयोग से गरीबों के घर-घर में चूल्हा जला. आश्रय परिवार की चंदा कुमारी भी गरीबों में राशन बांटने में सहयोग प्रदान किया. इन तीनों संस्था ने एक साथ मिलकर कई घरों में राशन का प्रबंध किया जिसमें प्रतीक अग्रवाल ने भी अपना सहयोग दिया.



**सफाई कर्मचारियों के बीच भोजन वितरण :** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा लगातार पांचवे दिन चंदूलाल भालोटिया सोशल वेलफेयर एव आहार होटल सोनारी के सहयोग से रामजनमनगर बस्ती कदमा, टाटा टिमकेन कंपनी के समीप ट्रक चालक दल, मानगो ट्रांसपोर्टनगर, पारडीह मे फंसे ट्रक चालक, नगर निगम के सफाई



कर्मचारियों के बीच करीब 500 पैकेट भोजन वितरित किया. इस सेवा कार्य में अशोक भलोटिया, बालमुकुंद गोयल, रामअवतार अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, उमेश साह, अशोक मोदी, पवन अग्रवाल, अरुण गुप्ता, महावीर अग्रवाल, विजय खेमका, पंकज छावछरिया सहित कई का सहयोग रहा.

**राजस्थान कल्याण परिषद की सेवा जारी :** राजस्थान कल्याण परिषद



साकची (अग्रसेन भवन) द्वारा अनवरत 10वां दिन भी भोजन वितरण का कार्य जारी रहा. कई क्षेत्र में खिचड़ी का भी वितरण किया गया. इस कार्य में ओम प्रकाश रिंगसिया, रामकृष्ण चौधरी, बजरंग लाल अग्रवाल, महावीर प्रसाद मोदी, सांवरमल अग्रवाल, भरत अग्रवाल, अजय चेतानी, ओम प्रकाश अग्रवाल, मोहित कांवटिया, दीपक पारिख, रवि डोकानिया, नरेश कांवटिया सहित अन्य सदस्यों का सहयोग मिल रहा है. संस्था द्वारा साकची अग्रसेन भवन के बाहर मात्र 20 -20 रुपये में सेनिटाइजर व मास्क भी उपलब्ध कराया जा रहा है.



**कोरोना मरीजों के सहायतार्थ शहर के कई लोगों द्वारा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री राहत कोष में सहयोग दिया जा रहा है. इसक्रम में आज इस क्रम में उत्कल ऑटोमोबाइल द्वारा एक एंबुलेंस जिला प्रशासन को आज कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की सेवा के लिए उपलब्ध कराया गया. इस पर उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने उत्कल ऑटोमोबाइल का आभार जताया.**

## 5 अप्रैल : नौ बजे नौ मिनट



**प्रो. चंद्रेश्वर खां**
**प्रबंध सलाहकार एवं प्रबंध प्रशिक्षक.**

बाहर है एक दीप जला,
अंदर उत्साह का दीप जलाना है,
दानवता को दूर भगा कर,
मानवता को सदा बढ़ाना है,
भारत का यह महा प्रयोग,
उपयोग में हमें अब लाना है.
जले दीया (अंतर दीप भी) के समक्ष,
नौ मिनट अंतर मानव को पढ़ना लिखना है,
भीतर के दिव्य प्रकाश से पिंड और ब्रह्मांड में व्याप्त विषाणु पकड़ना है
प्रकृति ने सहज भाव से बता दिया है,
किसी के अंदर पल रहा अंदर का लोभी विषाणु,
पल-पल बढ़ता निगलता जा रहा है और लाया है प्रलय,
आओ भारत-भारती दिखा दो, नौ मिनट की शांत रोशनी से होगा सब कुछ,
मंगल ही मंगल मंगलमय.
दिव्याणु के मध्य पलते अपने विषाणु को भी पहचानना है,
करें प्रण अब भारत-भारती की हम दिव्य ज्योति से पूर्ण हैं,
शिव ने जगत कल्याणार्थ पिया था कभी हलाहल,
जगत में आज फिर फैला है भारी विषाणु कोलाहल,
भरत पुत्र हम शपथ लें, विश्व समस्या हल का कर रहे हैं पहल.
"एक भारत, श्रेष्ठ भारत, दिव्य भारत"

## भाजपा ने किया आह्वान 'आओ मिलकर दीप जलाएं'

**जमशेदपुर, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** भाजपा और जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर लोगों से साथ देने का आग्रह किया है. सांसद विद्युत महतो और भाजपा महानगर अध्यक्ष दिनेश कुमार ने प्रदेश की जनता से अपील की है कि वे कल, 5 अप्रैल को पीएम मोदी के आह्वान का समर्थन करें, ताकि यह साबित हो सके कि इस मुसीबत की घड़ी में कोई अकेला नहीं है, बल्कि सब एक दूसरे के साथ हैं. सांसद श्री महतो ने कहा कि हमें कोरोना के अंधकार पर उम्मीद की रोशनी से विजय प्राप्त करना है. वहीं दिनेश ने कहा कि इस अभियान में हर एक को घर पर रहकर अपनी भागीदारी निभानी है. हम सभी घर पर रहकर सुरक्षित रहना जारी रखें.

### सेवा दिवस के रूप में कल मनेगा स्थापना दिवस

भाजपा सोमवार, 6 अप्रैल को 'सेवा दिवस' के रूप में मनायेगी. इस दिन पार्टी का 40वां स्थापना वर्ष है. महानगर प्रवक्ता अंकित आनंद ने बताया कि सोमवार 6 अप्रैल को पार्टी कार्यकर्ता अपने घरों से ही पार्टी का स्थापना दिवस मनाएंगे. इस दिन जरूरतमंदों के मध्य कार्यकर्ता अपने घर के आसपास सेवा देंगे. भाजपाई अपने घरों में पार्टी का ध्वज लगाकर पार्टी के संस्थापकों और पितृपुरुषों के प्रति कृतज्ञता जाहिर करेंगे.

## ग्रेजुएट में बी.एड का ऑनलाइन क्लास जारी



**जमशेदपुर, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** 'लॉक डाउन' के दौरान बंदी के कारण कोल्हान विश्वविद्यालय के आदेश पर ग्रेजुएट कॉलेज की प्राचार्या डा. डीके धंजल ने बीएड विभाग को ऑनलाइन क्लास जारी रखने हेतु सभी शिक्षकों को निर्देश दिए हैं. प्राचार्य ने बताया कि सभी शिक्षक कॉलेज वेबसाइट पर अपना वीडियो क्लिप पीपीटी व्हाट्सएप यूट्यूब एवं फेसबुक के माध्यम से ऑनलाइन कक्षाएं जारी रखेंगी. यही नहीं, अगर किसी छात्रा के पास स्मार्टफोन नहीं है तो शिक्षक अन्य माध्यम से उन्हें स्टडी मैटेरियल उपलब्ध कराने का प्रयास करें. इस सारे कार्यक्रम का मॉनिटरिंग प्राचार्या स्वयं डॉ किरण दुबे (को-ऑर्डिनेटर बीएड) के साथ मिलकर कर रही हैं. अभी तक श्वेता दुबे, डा. मीनू वर्मा, डा. विशेश्वर यादव, प्रियंका कुमारी, इंदु सिन्हा, प्रीति सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान मिल रहा है. कॉलेज के अन्य विभाग स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षक शिक्षिकाओं का भी यह आदेश दिया गया है और उन सभी का स्टडी मैटेरियल कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा के वेबसाइट पर लगातार भेजा जा रहा है. बीएड, बीबीए बीसीए के विद्यार्थी कॉलेज के वेबसाइट पर इसका लाभ उठा सकते हैं.

## टाटा स्टील कर्मचारियों को एजुकेशन एलाउंस एप लांच

**जमशेदपुर, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ):** टाटा स्टील की ओर से सभी कर्मचारियों का एजुकेशन एलाउंस देने के लिए एप लांच किया गया. कर्मचारियों को एप में बच्चों की रशीद व अन्य कागजात जमा करने के लिए 25 मार्च तक समय दिया गया था लेकिन कोरोना वायरस को लेकर लॉक डाउन होने के कारण अभी सभी कुछ बंद है. कंपनी प्रबंधन ने कर्मचारियों को राहत दी है.

## संक्षिप्त खबरें

### सितु हाट को प्रशासन ने कराया बंद

**चांडिल :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु साप्ताहिक हाट को शनिवार प्रशासन ने बंद कराया. प्रशासन ने सब्जी बाजार को दो बजे तक खोलने का निर्देश के बाद दो बजे सब्जी बाजार भी बंद हो गया. इस संबंध में मुखिया पंचानन पातर ने कहा कि किसानों का सब्जियों को नुकसान होने से बचाने के लिए प्रतिदिन सितु बाजार मे सुबह से दो बजे तक सब्जी बाजार लगाया जा रहा है ताकि हाट बंद रहने से लोगों व किसानों का भी दिक्कत नहीं हो.

### गरीब असहाय के बीच अनाज का वितरण

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड क्षेत्र के चौका मोड़ पर शनिवार को समाजसेवी मनोज साव ने सैकड़ो गरीब असहाय लोगो के बीच अनाज का वितरण किया गया. इस दौरान मनोज साव ने बताया कि लॉक डाउन के दौरान गरीब व असहाय लोगो का माली हालत ठीन नही होने से लोगो ने जानकारी दीया तो उनके बीच दस दस किलो चावल का वितरण किया गया.

खरसावां के सिदमाकुदर जंगल में वन विभाग और वन समिति का संयुक्त छापा

# 11 साइकिलें, चार कुल्हाड़ियां, एक दावली एक क्विंटल कच्ची लकड़ी जब्त

**खरसावां,04 अप्रैल, संवाददाता:** खरसावां के सिदमाकुदर जंगल में वन विभाग और वन समिति के द्वारा शनिवार को संयुक्त छापामारी कर जंगल की अवैध कटाई कर साईकिल में ले जाने वाले ११ साईकिल, चार कुल्हाड़ी, एक दावली सहित एक कुंटल कच्चा लकड़ी जब्त किया गया. मिली जानकारी के अनुसार विगत चार दिनों से सीनी विटापुर के रास्ते अज्ञात साईकिल सवार सिदमाकुदर जंगल में गतिविधि बढ़ गई थी. साइकिल से अज्ञात लोग सिदमाकुदर जंगल पहुचकर जलावन के नाम पर छोंटे-छोटे पेड़ों की कटाई कर साइकिल से ले जा रहे थे. वन समिति सिदमाकुदर के लोगों ने उसे रोका. जिसके बाद ग्रामीणों और वन समिति के सदस्यों के साथ अज्ञांत लोगों की नोकझोंक भी हुई. इसके बावजूद अज्ञात लोग छोंटे-छोटे पेड़ों की कटाई करने में बाज नहीं आ रहे थे. अत: में





**खरसावां के सिदमाकुदर जंगल से छापामारी कर जब्त की गई साइकिलें, खरसावां के सिदमाकुदर जंगल से छापामारी कर जब्त की गई कच्चा लकड़ी.**

वन समिति सिदमाकुदर के द्वारा इसकी सूचना क्षेत्रिय वन कार्यालय खरसावां को दी गई. शनिवार को सुबह अज्ञात लोग जैसे ही जंगल पहचें वैसे ही इसकी सूचना खरसावां वन विभाग को दी गई. जिसके पश्चात क्षेत्रिय वन पदाधिकारी अर्पणा चंदना के आदेशानुसार वनपाल लोदरो हेस्सा के नेतृत्व में वनकर्मियों और वन समिति सिदमाकुदर के सदस्यों ने सिदमाकुदर जंगल में संयुक्त छापामारा. जैसे ही वनकर्मी ने जंगल छापामारी की. इस दौरान जंगल की अवैध कटाई कर रहे लोगों को पकड़ने का प्रयास किया गया. वैसे ही लोगों ने घने जंगल का लाभ उठाते हुए भाग निकले. वन विभाग ने जंगल से ११ साईकिल, चार कुल्हाड़ी, एक दावली सहित एक कुंटल कच्चा लकड़ी जब्त किया. वन विभाग के छापामारी टीम में वनपाल लोदरा हेस्सा, वनकर्मी अमित पटनायक, सोमाय सोरेन, सोनाराम मुंडा सहित वन समिति सिदमाकुदर के सदस्य व ग्रामीण शामिल थे.

### जंगल और वन्यजीवों का संरक्षण जरूरी-रेंजर

खरसावां के क्षेत्रिय वन पदाधिकारी अर्पणा चंद्रा ने कहा कि जंगल और जंगली जीव हमारे धरोहर है. इनका संरक्षण करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है. जंगली जीवों और जंगलों के संरक्षण के लिए ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति का योगदान भी महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि जंगल की अवैध कटाई एवं अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा. पकड़ जाने पर कड़ी कारवाई की जायेगी.

## ईचागढ़ में बाहर से आया एक शख्स किया गया होम क्वारेंटाइन



**चांडिल ,04 अप्रैल, संवाददाता:** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बोड़ा गांव में शनिवार को प्रशासन कि टीम ने अन्य राज्य से आए एक व्यक्ति को होम कोरेंटाईन मे रखा. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा० एच एस मुंडा ने उसके घर मे पर्ची चीपकाकर १४ दिनों तक घर मे ही रहने, ग्रामीणों से मिलना जुलना बंद करने आदि के बारे जानकारी दिया. बाहर से आए व्यक्ति को गांव में नहीं रहने की मांग ग्रामीणों द्वारा किए जाने पर सीओ अभिषेक कुमार ने ग्रामीणों को होम कोरेंटाईन के संबंध में समझाया व लॉंकडाउन में सभी को घर में ही रहने का अपील की. उन्होंने कहा जो लॉंकडाउन को नहीं मानते हैं तो उसपर कड़ी कार्रवाई की जायेगी. मौके पर बीडीओ सत्येन्द्र महतो, इंस्पेक्टर राजेन्द्र प्रसाद महतो, मुखिया रामेश्वर उरांव आदि उपस्थित थे.

## पैदल आ रहे मजदूरों को भोजन करा वापस भेजा



**चौका,04 अप्रैल, संवाददाता:** लॉक डाउन के कारण अपने घर जाने के लिए गम्हरिया से गूगल मैप के डायरेक्शन में पैदल जा रहा चार मजदूर युवक को दलमा के तराई क्षेत्र काटजोड़ पहुंचा. चिलगू पंचायत के काटजोड़ व जानडीह के ग्रामीणों ने रोका. चारों युवक को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया जिससे आनन-फानन में पूरा ग्रामीण एकजुट होकर चारों को रोक कर रखा था. फिर चीलगु पंचायत के मुखिया नरसिंह सरदार वह ग्राम प्रधान आनंद सिंह पहुंचकर चारों युवक को अपने हिरासत में लिया और चारों को खाना-पानी खिलाकर समझा-बुझाकर भेज दिया. ग्रामीणों ने कहा कि अभी पूरे देश में पूरी तरह लॉक डाउन चल रहा है फिर भी हमारे ग्रामीण एरिया में बाहरी आदमी प्रवेश कर रहा है जिस से लेकर सभी सोचनीय विषय बन गया था. इस अवसर पर डॉक्टर मुरलीधरा हजरा, छोटू महतो, फाल्गुनी महतो, आदि उपस्थित थे.

## सोशल डिस्टेंसिंग से की गयी भैरव पूजा



**सरायकेला ,04 अप्रैल, संवाददाता:** चैत्र पर्व को समर्पित घट पाट पूजा परम्परा भैरव शाल सराईकेला में शनिवार को राजकीय छउ नृत्य कला केंद्र द्वारा किया गया. कोरोना संक्रमण से सुरक्षा को लेकर जारी सोसल डिस्टेंसिंग का इस दरम्यान पूर्ण रूप से अनुपालन भी किया गया. कला केंद्र के निदेशक गुरु तपन कुमार पटनायक ने बाबा भैरव की आराधना की. पूजा के उपरांत निदेशक तपन पटनायक द्वारा ढाल एवं तलवार धारण कर बाबा भैरव के दरबार में परंपरा के अनुसार फरीखंडा छऊ नृत्य का प्रदर्शन किया गया. बताया कि कोरोना वायरस से सुरक्षा को लेकर किए गए लॉक डाउन को देखते हुए पूजा कार्यक्रम को भक्त एवं कलाकारों तथा कला प्रेमियों की दृष्टि से सीमित तरीके से किया गया. बताया गया कि चैत्र पर के धार्मिक अनुष्ठान के तहत आगामी 6 अप्रैल को शुभ घट का आगमन होगा.

# कार्ड से वंचित 2733 परिवारों को चावल मिलेगा

### पोटका पंचायत में एक रुपये प्रति किलो चावल योजना का विधायक ने किया उद्घाटन

**पोटका ,04 अप्रैल, संवाददाता:** नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए किये गया लॉकडाउन के दौरान किसी को भुखे नहीं रहना पड़े, जिसको लेकर झारखंड सरकार के द्वारा राशन कार्ड से वंचित ऑनलाइन आवेदन करनेवाले योग्य लोगों को एक रुपया प्रति किलो चावल देना शुरू किया गया है. इसका शुभारंभ शनिवार को पोटका के विधायक संजीव सरदार ने पोटका पंचायत से किया. इन्हें दस किलो करके चावल दिया जा रहा है.



विधायक संजीव सरदार ने बताया कि पोटका प्रखंड में कुल 2733 वैसे लोग चावल के लिए ऑनलाईन आवेदन किया है, जिसका राशन कार्ड नहीं है. इसमें पोटका पंचायत के 133 लाभूकों को शनिवार को प्रति किलो एक रुपया के दर से दस किलो करके चावल दिया गया.उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने एवं इसके कारण हुए लोक डाउन के कारण कोई भी परिवार भूखे ना रहे इसके लिए राज्य सरकार की नजर पूरे राज्य पर है सरकार द्वारा इस दिशा में सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया है इसके बावजूद भी अगर ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी होती है तो वे उनसे संपर्क कर सकते है. अब प्रत्येक पंचायत में इसका वितरण मुखिया एवं पंचायत सचिव के देखरेख मे किया जायेगा. इस दौरान पोटका के बीडीओ कपिल कुमार भी मौजूद थे.

## बोड़ाम में पार्षद ने बंटवायी 150 परिवारों में खाद्य सामग्री

**पटमदा ,04 अप्रैल, संवाददाता:** बोड़ाम जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो के पहल पर शनिवार को बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र के पहाड़पुर व लायलम पंचायत के विभिन्न टोले के करीब 150 असहाय परिवारों के बीच खाद्य सामग्रीयों का वितरण किया गया. जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो ने बताया कि पहाड़पुर पंचायत में 100 व लायलम पंचायत में 50 असहाय परिवारों को चिन्हित कर सोसल डिस्टेंस का पालन करते हुए खाद्य सामग्रियों का वितरण किया गया. उन्होंने बताया कि टीम संघर्ष ने इस प्रकार हर सामाजिक कार्यों में बढ़कर हिस्सा लेकर गरीब असहाय लोगों को मदद करते रहते हैं. उन्होंने बताया कि इस दौरान गांवों में दौरा करते हुए लोगों को लॉक डाउन व सोसल डिस्टेंस का पालन हर हाल में करने का सुझाव दिया गया. पार्षद ने 5 अप्रैल को रात्रि 9 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर कोरोना के विनाश के लिए एक दीया या मोमबत्ती अवश्य ही जलाने की ग्रामीणों से अपील की. इस दौरान मुख्य रूप से पार्षद स्वपन कुमार महतो, फुलचांद सिंह, सुभाष सहिस, विद्याधर गोराई, देवेन सिंह आदि उपस्थित थे.

## कपाली:320 गरीबों में राशन वितरण



**चौका,04 अप्रैल, संवाददाता:** कपाली गौसनगर साल बागान में अशरफी मेडिकल के मालिक सरवन भाई द्वारा चांडिल एसडीओ के आदेश पर 320 गरीब परिवारों के बीच राशन का वितरण किया गया. जिसमें 5 किलो चावल 1 किलो 500 ग्राम प्याज 500 ग्राम मसूर दाल आदि सामग्री वितरण किया गया. इस संबंध सरवन द्वारा एक टीम गठित किया गया था. इस टीम ने सभी लोग अपने अपने क्षेत्रों में घूम घूम कर गरीब लोगों को चिह्नित कर लिस्ट बनाकर राशन का वितरण किया जा रहा है. इस टीम के सभी लोगों का मुख्य उद्देश्य यही था कि कोई भी व्यक्ति भूखा ना रहे और सभी के घर चूल्हा जले. इस मौके पर सब्बन भाई, मोहम्मद आलम, राजा खान, अरशद हसन, मेहताब आजम आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## उपप्रमुख ने जरूरतमंदों के बीच चावल, दाल व आलू बंटवाया

**राजनगर ,4 अप्रैल,संवाददाता:** लॉकडाउन के मद्देनजर प्रखंड उप प्रमुख विनय कुमार सिंहदेव ने कई गरीब एवं असहाय को अनाज मुहैया कराया. उपप्रमुख ने शनिवार को अपने पोटका पंचायत क्षेत्र के कशीदा, बीटा एवं लोधा गांव के जरूरतमंदों को प्रति परिवार 25 किलो चावल, पांच किलो आलू एवं दो किलो दाल देकर मदद किया. उपप्रमुख ने बताया कि लोक डाउन के कारण कई गरीब परिवारों को काफी परेशानी हो रही है. सरकार ने सबको राशन देने का निर्देश दिया है. इसके वावजूद भी कई परिवार लाभ से वंचित हो रहे हैं. ऐसे परिवारों को अपनी तरफ से यथा संभव जरूरी सामग्री मुहैया कराने का प्रसास कर रह



**जरुतमंदों में आलू चावल, दाल का वितरण करते उप प्रमुख विनय.**

रहा हूँ.

इस मुश्किल घड़ी में कोरोनो को हराने के साथ साथ हमें जरूरतमंदों के घर का चूल्हा भी बुझने नहीं देना है. क्योंकि गरीबों व दिहाड़ी मजदूरी करने वालों के बगैर हम लॉक डाउन को सफल नहीं बना सकते. प्रमुख विनय सिंहदेव ने यह भी कहा कि उनकी ओर से पूरे प्रखंड के जरुतमंदों को सहयोग करने का प्रयास किया जा रहा है. जो भी जरूरतमंद किसी कारणवश सरकारी लाभ से वंचित हो रहे हैं जिनको सहयोग की अति आवश्यक है. वैसे परिवार को चावल, आलू, दाल व आटा मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है. इधर, बजरंगबलि सेवा दल हेंसल की ओर से भी गरीब एवं असहाय जरूरतमंद को चावल, आलू, दाल, तेल, नमक आदि सामग्री दी गयी. दल के सदस्यों ने विनोद ज्योतिषी के नेतृत्व में करीब दो सौ परिवारों को घर-घर जाकर राशन आदि सामग्री पहुंचायी गयी.

## जन सेवा ही लक्ष्य के प्रयास से घर पहुंचा विकलांग



**चांडिल,04 अप्रैल, संवाददाता:** जन सेवा ही लक्ष्य सामाजिक संस्था के प्रयास से विकलांग दुलू गोप एम.जी.एम. हॉस्पिटल से पहुंचा घर, परिजनों में खुशी व्याप्त. मालूम हो कि टिकर निवासी विकलांग दुलु गोप विगत 20 दिनों से एम.जी.एम.जमशेदपुर में इलाज करवा रहे थे.लॉक डाउन के कारण साधन की कमी के कारण घर नहीं जा पा रहे थे.जन सेवा ही लक्ष्य के संस्थापक हरे लाल महतो को सुचना ग्रामीणों ने दी.उनके निर्देश पर जनसेवा ही लक्ष्य की एम्बुलेंस द्वारा विकलांग दूलू गोप को जमशेदपुर से टिकर घर पहुंचा दिया गया. घर पहुंचते ही परिजनों ने राहत की सांस ली.

## चांडिल बाजार में आटा, दाल, चीनी, सरसों तेल की हो रही कालाबाजारी

**चांडिल,04 अप्रैल, संवाददाता:** कोरोनावायरस महामारी लॉक डाउन के कारण खाद्य सामग्री की कला बाजारी हो रही है. हालाकि प्रशासन ने कालाबाजारी रोकने के लिए कंट्रोल रूम में शिकायत करने की अपील की है लेकिन अबतक एक भी खाद्य विक्रेता दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई. जिससे आटा, दाल, सरसो तेल ,चीनी सहित कई खाद्य वस्तुएं पर मनमानी कीमत वसूल रहे हैं.जिसके कारण आम लोगों के पतीले से दाल गायब होती जा रही है.चांडिल अनुमंडल अन्तर्गत तीन आटा मिल स्थापित है लेकिन खाद्य सामग्री विक्रेता आटा की कालाबाजारी कर रहे हैं, और प्रशासन के दिशानिर्देशों की परवाह नहीं है जो 5 किलो आटा की पैकेट प्रति साधारण ,135 रुपए थी ,उसकी लॉक डाउन के बाद 170 रुपए हो गई. ब्रांडेड आटा की कीमत अधिक ले रहे है. वह भी जब चांडिल प्रखंड अंतर्गत तीन आटा की मिले है ये मिल मालिक मेन गेट में ताला बंदी कर मिल चला रहे और अधिक दाम में बेचकर मुनाफा कमा रहे है एक तो गरीब तबके मजदूर के पास ऐसे ही नकदी की कमी है. इनके मुनाफा खोरी में खाद्य सामग्री हॉल सेल विक्रेता सहयोग दे रहे हैं. ये तो हुई आटा की काला बाजारी .इसके अलावा दालो की कीमत में 40 से 50 रुपए लगभग दुगने कीमत दुकानदार वसूल रहे है.प्रशासन को चाहिए कि खाद्य वस्तुएं की काला बाजारी पर अंकुश लगाए ताकि आम लोगों की थाली में दाल ,रोटी नसीब हो सके.चांडिल प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एस. झां से इस संबंध में दूरभाष पर संपर्क नहीं हो पाया.

### आजसू नेता के ईंट भट्ठे में मजदूर की मौत

**चांडिल,04 अप्रैल, संवाददाता:** चौका थाना अंतर्गत मुसडीबेड़ा में आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव प्रवीण महतो के ईटा भट्टी के मजदूर के शव को पुलिस ने संदेहास्पद स्थिति में पेड़ से लटकते हुए बरामद किया.थाना प्रभारी एस. सिंह ने बताया मृतक विजय कुईरी उम्र 22 वर्ष छत्तीसगढ़ का रहने वाला था. मूसडीबेडा स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव प्रवीण महतो के ईटा भट्टा में मजदूरी करता था. शुक्रवार को शाम को 5 बजे लगभग पुलिस को ग्रामीणों ने सूचना दी कि पेड़ पर शव लटका हुआ है. पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर शव का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया. थाना प्रभारी ने कहा कि अंत्य परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा की मौत कैसे हुई.

## युवा नेता सूरज ने रघुनाथपुर को सैनिटाइज कराया

**चौका ,4 अप्रैल,संवाददाता:** कोरोना वायरस संक्रमण महामारी को देखते हुए युवा नेता सूरज मिश्रा द्वारा चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में सेनेटाइजर का अंतिम दिन रघुनाथपुर में छिड़क किया गया. इस दौरान सुरज मिश्रा ने कहा कि यह पहल यहाँ के नेता समाजसेवी एवं राजनेताओं को ध्यान आकर्षित करने के लिए किया जा रहा है.पूरे देश में कोविड 19 जैसे संक्रमण महामारी को देखते हुए भी कुछ पहल नहीं किया जा रहा है. इस दौरान लोगों को कोरोना वायरस की संक्रमण से बचाव, लक्षण के बारे में जानकारी दिया गया. नीम साबुन लोगों को बांटा गया. लोगों को अनाज



पाने में हो रही देरी के लिए शिकायत करने के पदाधिकारी के नाम नम्बर भी पम्पपैलेट बांटे. इस मौके पर कुमार निलेश, अजय मंडल, पवन शर्मा, छोटू प्रमाणिक, शुवेंदु सिंह, सजल कर्मकार आदि मुख्य रूप से मौजूद थे.

## नप अधिकारी ने स्वच्छता एवं सोसल डिस्टेंसिंग का किया निरीक्षण



**सरायकेला:** नगरपंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह द्वारा शनिवार को भी शहरी क्षेत्र में स्वच्छता के साथ ही निर्धारित समय तक खुले दुकानों में ग्राहकों द्वारा सोसल डिस्टेंसिंग अनुपालन कराए जाने का भी निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के क्रम ग्राहकों को एक दूसरे से दूरी बनाते हुए सामान खरीदने को कहा.उन्होंने स्वयं एक दुकान में सोशल डिस्टेंस बनाते हुए सामान भी खरीदी.कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि नगर पंचायत के विभिन्न दुकानदारों को सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए अपने सामानों को बेचना है. दुकानदारों द्वारा ग्राहकों को भी इसे अमल करने के लिए प्रेरित किया जाए.निरीक्षण के क्रम में अगर दुकानों में भीड़-भाड़ लगाकर सामान की खरीदारी करते हुए पाया गया तो ग्राहकों के साथ साथ दुकानदारों को साथ-साथ दुकानदारों को पर भी कार्रवाई की जाएगी.

## पीडीएस में सुधार को आपूर्ति पदाधिकारी से मिले गणेश महाली

**सरायकेला,04 अप्रैल, संवाददाता:** जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी से शनिवार को मिलकर भाजपा नेता गणेश महाली ने जनवितरण व्यवस्था को लेकर कार्डधारियों से निरन्तर मिल रही शिकायतों से अवगत कराते सुधार कराने की मांग की. बताया कि जिला के विभिन्न गांव के लोगों द्वारा टेलिफोन सूचना,सोशल मीडिया एवं अखबार के माध्यम से प्रकाशित समाचार से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशन डीलरों के मनमानी की बातें निरन्तर सामने आ रही हैं. कोरोना वायरस के चलते पूरा देश में



लॉकडाउन है इस स्थिति में लोगों को राशन उपलब्ध कराना सबसे महत्वपूर्ण है लेकिन लोगों के द्वारा जो सूचना दिया जा रहा है कही ना कही व्यवस्था को दुरुस्त करने की आवश्यकता है. साथ ही जिला के सभी प्रखंड में संचालित अतिरिक्त विशेष दाल-भात केंद्र को भी सुचारू रूप से चलाने एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया. ताकि लोगों को इस विकट परिस्थिति में इसका लाभ मिल सके. जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने भी आश्वस्त किया कि जिला के गरीब असहाय लोगों को राशन के मामले में किसी भी प्रकार का कोई कठिनाई होने नहीं दिया जाएगा.इस अवसर पर सरायकेला प्रखंड के उप प्रमुख माइकल महतो,भाजपा गम्हरिया प्रखंड उपाध्यक्ष अमरेश गोस्वामी एवं अन्य उपस्थित थे.

## बैंक ग्राहक कड़ी धूप में खड़ा होने को मजबूर



**चौका :** कोविड 19 संक्रमण को लेकर लगाये लॉक डाउन के कारण बैंकों में ग्राहकों को धूप से परेशानियाँ बढ़ी हैं. चौका मोड़ स्थित बैंक ऑफ इंडिया में बैंक के बाहर लेनदेन की कार्य कियें जाने से पैंशनधारियों को कड़ी धूप से खड़ा होना पड़ रहा है. चिलचिलाती धूप के कारण लोग अपने अपने लाइन की लकीर पर चप्पल एवं पासबुक रख कर छाँव में खड़े होकर अपने वारी आने की इंतजार कर रहें है.कोरोना वायरस की प्रभाव को देखते हुए बैंक में भीड़ न हो इसको देखते हुए पुलिस तैनात है तथा सभी को सामाजिक दूरी बनायें रखनें के लिए निर्देश दिया जा रहा है.इसके लिए प्रशासन ने लकीर लगायी गयी है.

# स्पॉट फिक्सर हत्यारे के समान, उसे फांसी दे देनी चाहिए : जावेद मियांदाद



**नई दिल्ली, 4 अप्रैल ( ईएमएस ):** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने क्रिकेट में स्पॉट फिक्सिंग करने वालों को फांसी की सजा देने की बात कही है. उन्होंने शुक्रवार को यूट्यूब चैनल पर कहा, स्पॉट फिक्सिंग में लिप्त खिलाड़ियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए. जैसे किसी की हत्या करना गंभीर अपराध है, वैसे ही यह भी माफी लायक जुर्म नहीं है. स्पॉट फिक्सिंग करने वालों को फांसी दे दी जानी चाहिए. उन्हें दोबारा क्रिकेट खेलने का अधिकार नहीं होता है. मियांदाद ने कहा, स्पॉट-फिक्सर को फांसी देकर एक उदाहरण स्थापित किया जाना चाहिए ताकि कोई भी खिलाड़ी ऐसा कुछ करने के बारे में न सोचे. ये बातें हमारे धर्म (इस्लाम) की शिक्षाओं के खिलाफ हैं. हम सभी को उसी के अनुसार व्यवहार करना चाहिए. पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) उन्हें माफ करके सही नहीं कर रहा है. स्पॉट-फिक्सर को वापस लाने वालों को खुद पर शर्म आनी चाहिए.

**स्पॉट-फिक्सर इंसानियत के दुश्मन हैं :** पूर्व पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, जो खिलाड़ी स्पॉट फिक्सिंग कर सकते हैं, वे अपने माता-पिता और परिवार के प्रति ईमानदार नहीं होते हैं. यदि वे ईमानदार होते तो ऐसा गलत काम कभी नहीं करते. ऐसे लोग इंसानियत के भी दुश्मन होते हैं, जिन्हें जीने का हक नहीं होता. यह खिलाड़ी पैसा कमाने के लिए भ्रष्टाचार में शामिल होते हैं. बाहर होने के बाद ये अपने कनेक्शन का इस्तेमाल कर फिर टीम में आ जाते हैं.

**पीएसएल मैचों का सट्टेबाजी कंपनियों की वेबसाइट पर सीधा प्रसारण होता है :** हाल ही में मियांदाद ने एक इंटरव्यू में कहा था कि पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के मैचों का सट्टेबाजी कंपनियों की वेबसाइट पर सीधा प्रसारण होता है. उन्होंने कहा था, पाकिस्तान क्रिकेट खेलने वाला देश है. उसने कई घोटालों और समस्याओं को सामना किया है. सट्टेबाजी के कारण पाकिस्तान ने अपने कई अच्छे खिलाड़ियों को गंवाया है. इसलिए पीएसएल के मैचों का सट्टेबाजी कंपनियों की वेबसाइट पर सीधा प्रसारण मामूली बात नहीं है. इसकी जांच बोर्ड के बाहर निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए, क्योंकि पीसीबी के ही कुछ अधिकारी इससे मिले हैं.

**1992 वर्ल्ड कप फाइनल में मियांदाद-इमरान ने की 139 रन की साझेदारी :** मियांदाद ने 1992 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई थी. फाइनल में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 249 रन बनाए थे. इसके जवाब में इंग्लैंड 227 रन पर ही सिमट गई थी. मैच में पाकिस्तान के दो विकेट 24 रन पर ही गिर गए थे. इसके बाद इमरान और मियांदाद ने तीसरे विकेट के लिए 139 रन की अहम साझेदारी की थी.

# कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई में नेमार ने दान किए 7.6 करोड़ रुपये

**रियो डी जनेरियो, 4 अप्रैल ( ईएमएस ):** पेरिस सेंट जमेर्न (पीएसजी) के स्टार स्ट्राइकर और विश्व के सबसे महंगे फुटबॉलर नेमार ने ब्राजील में कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में 10 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 7.64 करोड़ रुपये) का दान दिया है. कोविड-19 महामारी (कोरोना वायरस संक्रमण) से पूरी दुनिया में तबाही फैली हुई है और 10 लाख से ज्यादा लोग इससे संक्रमित हो चुके हैं.

ब्राजील की टीवी नेटवर्क एसबीटी की रिपोर्ट के मुताबिक, नेमार द्वारा दिया गया यह दान संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) और टेलीविजन प्रसारणकर्ता लुसियानो हक द्वारा जारी अभियान को दिया गया है. नेमार के टीम मैनेजमेंट ने कहा, 'हम कभी दान और राशि के बारे में बात नहीं करते हैं.' इस अभियान को ब्राजील के विश्व चैंपियन सर्फर ग्रैबियल मेडिना और अन्य ब्राजील की मशहूर हस्तियां समर्थन कर रही हैं. ब्राजील में कोरोना वायरस के अब तक 9000 मामले सामने आ चुके हैं जबकि 359 लोगों की मौत हो चुकी है.



## 'हॉकी इंडिया' ने 1 करोड़ रुपये किए दान

**नई दिल्ली, 4 अप्रैल (ईएमएस):** हॉकी इंडिया ने कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ लड़ाई में शनिवार को प्रधानमंत्री राहत कोष में 75 लाख रुपये का और योगदान देने की घोषणा की. इसके साथ ही हॉकी इंडिया अब तक एक करोड़ रुपये की मदद कर चुका है. इससे पहले हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड ने प्रधानमंत्री राहत कोष में 25 लाख रुपये का योगदान दिया था. हॉकी इंडिया के अध्यक्ष मोहम्मद मुश्ताक अहमद ने एक बयान में कहा, 'वर्तमान संकट को देखते हुए हमें सरकार के साथ खड़े होने की जरूरत है. कोविड-19 महामारी से लड़ने के लिए सरकार वे सब कुछ कर रही हैं, जो कर सकती है. इस मुश्किल समय में इससे लड़ने के लिए एकजुट होने और एक जिम्मेदार नागरिक के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की जरूरत है.'

# लॉकडाउन में भारत-पाक के पुराने मैच टीवी पर शुरू



**नई दिल्ली, 4 अप्रैल ( ईएमएस ):** भारत और पाकिस्तान की टीम जब क्रिकेट मैदान पर होते हैं तो माहौल किसी जंग से कम नहीं होता है, और ऐसा वर्ल्ड कप में हो तो क्या कहने हैं. जहां तक आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप की बात है भारत कभी भी पाकिस्तान से नहीं हारा है. फिलहाल देशभर में 21 दिनों लॉकडाउन चल रहा है, ऐसे में क्रिकेट फैंस के लिए टीवी पर सुनहरा मौका आने वाला है. वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की कामयाबी को भारतीय फैंस अगले 7 दिनों तक अपने टीवी पर देख सकते हैं. 14 अप्रैल तक पूरा भारत बंद है और देश की सरकार ने लोगों से घर पर रहने के निर्देश दिए हैं. दुनिया में इस वक्त क्रिकेट समेत दुनिया के सभी खेल आयोजनों पर रोक लग चुकी है. क्रिकेट फैंस घर बैठे बोर न हों और फुर्सत के पलों का पूरा लुत्फ उठा पाएं. इसके लिए स्पोर्ट्स चैनल 'स्टार स्पोर्ट्स' ने फैंस के लिए एक बेहतरीन अभियान की शुरुआत की है. अगले एक हफ्ते तक चैनल 'मौका मेनिया' सीजन लेकर आ रहा है. जिसकी शुरुआत अप्रैल महीने के पहले शनिवार से होगी.

# महिला फुटबॉल वर्ल्ड कप अनिश्चितकाल के लिए टला

**कोरोना वायरस**

**नई दिल्ली, 4 अप्रैल ( ईएमएस ):** भारत में पहली बार होने जा रहा अंडर-17 महिला फुटबॉल वर्ल्ड कप कोरोनावायरस (कोविड-19) के कारण अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है. टूर्नामेंट की नई तारीखों का जल्द ही ऐलान किया जाएगा. यह जानकारी शनिवार को फेडरेशन इंटरनेशनल फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) ने दी. यह टूर्नामेंट 2 से 21 नवंबर के बीच देश में 5 जगह कोलकाता, गुवाहाटी, भुवनेश्वर, अहमदाबाद और नवी मुंबई में खेला जाना था. कोरोनावायरस से दुनियाभर में शनिवार सुबह तक 59 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है. संक्रमितों की संख्या 10 लाख 98 हजार पहुंच गई है. वहीं, भारत में संक्रमितों की संख्या 2 हजार 547 तक पहुंच गई है. इनमें से 62 लोगों की मौत हो गई. अंडर-17 वर्ल्ड कप में विश्व की 16 टीमें शामिल होंगी. मेजबान होने के कारण भारतीय टीम को क्वालिफाई करने की जरूरत नहीं पड़ी. टीम को सीधी एंट्री मिली. भारत में होने वाले इस टूर्नामेंट की घोषणा इसी साल फरवरी में की गई थी. वर्ल्ड कप का फाइनल नवी मुंबई में होना था. फीफा ने कहा कि टूर्नामेंट टालने का फैसला कोरोना के बढ़ते खतरे को देखते हुए लिया गया है.

## अंडर-20 महिला फुटबॉल वर्ल्ड कप भी टला

फीफा की गवर्निंग बॉडी ने इसी साल होने वाले अंडर-20 महिला वर्ल्ड कप को भी टाल दिया है. यह टूर्नामेंट पनामा/कोस्टारिका में अगस्त से सितंबर के बीच खेला जाना था. वहीं, कोरोनावायरस के बढ़ते प्रकोप के कारण दुनियाभर में जुलाई तक के सभी खेल टूर्नामेंट्स टाल या रद्द कर दिए गए. इसमें टोक्यो ओलिंपिक, क्रिकेट टूर्नामेंट आईपीएल और टेनिस ग्रैंडस्लैम विंबलडन शामिल हैं. ओलिंपिक अब अगले साल जुलाई-अगस्त में होंगे, जबकि 15 अप्रैल तक टले आईपीएल पर अब भी खतरा मंडरा रहा है. ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के महासचिव कुशल दास ने न्यूज एजेंसी से कहा कि उन्हें ऐसी आशंका पहले से ही थी. कुशल ने कहा, जिस तरह से कोरोना के कारण बाकी सभी खेल टूर्नामेंट्स टाल दिए गए, तो ऐसे में वर्ल्ड कप भी टलना ही था. हमने इस फैसले को सर्वसम्मति से माना है. टूर्नामेंट के लिए यूरोप, अफ्रीका समेत अन्य जगहों पर होने वाले क्वालिफाई मुकाबलों को भी टाल दिया गया है.



## खबरें घाटशिला व आसपास की

# चाकुलिया में आजीविका सखी मंडल का मुख्यमंत्री दीदी किचन शुभारंभ



**चाकुलिया, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ):** गुड़ाबांधा प्रखंड के बनमाकड़ी, अगरपाड़ा, सिंहपुरा, बालीजुड़ी एवं फॉरेस्ट ब्लॉक इन सभी पंचायत क्षेत्र में शनिवार को आजीविका सखी मंडल द्वारा संचालित मुख्यमंत्री दीदी किचन का शुभारम्भ किया गया. इस अवसर पर प्रखंड विकास सीमा कुमारी गांव पहुंचकर लोगो के बीच खिचड़ी वितरण किया. इसके साथ ही साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा ज्वालकटा स्थित ब्लॉक लेवल क्वारंटाइन सेन्टर का निरीक्षण किया गया. बीडीओ सीमा कुमारी ने क्वारंटाइन सेन्टर में रखे गए लोगो का जायजा लिया.

## कोरोना को लेकर समीर मोहंती ने लोगों को किया जागरूक



**चाकुलिया, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ):** चाकुलिया प्रखंड के चालुनिया पंचायत स्थित भण्डारु गांव मे शनिवार को विधायक समीर महंती पहुंचकर लोगों से मुलाकात कर कोरोना वायरस से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया. इस दौरान विधायक ने विगत कल निधन हुआ उनके परिवार एवं जरूरतमंद परिवार वालों को खाद्य समाग्रि एवं आर्थिक सहयोग विधायक समीर महंती ने की. इस दौरान विधायक ने कोरोना वायरस के महामारी से लोगों को बचने के लिए जागरूक किया. इस मौके पर राजू कर्मकार, बासु देव महतो आदि शामिल थे.

## कुणाल से मदद मिलने पर युवकों ने जताया आभार



**चाकुलिया, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ):** चाकुलिया प्रखंड के मालकुण्डी पंचायत के ग्रामीणों को पूर्व विधायक कुणाल षडंगी ने मदद की. मालकुंडी पंचायत के ग्रामीण आस्तिक महतो, नारायण कालिन्दी, लालचाँद कालिन्दी, कमल सिंह, बरुन बाउरी एवं अन्य सभी युवक काम करने के लिए तामिलनाडु के श्रीपेरुम्बुदुर गए हुए हैं. बाहर काम करने गए हुए युवकों के परिजन के पास जितना राशन था वो सब खत्म हो चुका था. इस दौरान अजित महतो ने इसकी सूचना दूरभाष पर देकर पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी से मदद मांगी. कुणाल षडंगी ने तुरंत पहल करते अपने कार्यकर्ताओं को भेज कर उनलोगों के पास राशन उपलब्ध कराया. ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया.

# टायर फटने से एलपीजी से भरा टैंकर पलटा, ड्राइवर व खलासी घायल

**चाकुलिया, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ):** बहरागोड़ा प्रखंड के कालियाडिंगा ओवर ब्रिज के समीप शनिवार को एलपीजी गैस से लदा टैंकर पलटने से वाहन चालक और खलासी घायल हो गए. जानकारी के मुताबिक वाहन संख्या एचआर 55 आर 1821 उड़ीसा के पारादीप से एलपीजी गैस भरकर नेपाल जा रहा था. इस दौरान एलपीजी गैस से भरा टैंकर कालियाडिंगा ओवरब्रिज के समीप ही टायर ब्लास्ट हो जाने से एलपीजी गैस से भरी टैंकर पलट गई. वाहन पलटने से बगल में ही करुणा हेल्प डेस्क में बैठे लोग बाल बाल बच गए. इस दुर्घटना से वाहन चालक श्यामल पटेल (30)




खलासी अरविंद राय (42) दोनों ही घायल हो गए. टैंकर पलटने से वाहन चालक के हाथ में चोट एवं अंदरूनी चोट आई है. दुर्घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार मौके पर पहुंच कर दोनों घायलों को पुलिस वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. डॉक्टरो ने दोनों घायलों का इलाज किया. थाना प्रभारी के द्वारा क्रेन एवं अग्निशासक वाहन बुलाकर एलपीजी गैस से भरी टैंकर को उठा लिया गया.

# यूसिल ने 57 बंजारा परिवारों के बीच बांटी खाद्य सामग्री

**जादूगोड़ा, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** पोटका के तुड़ी में सड़क किनारे ठहरे छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र से आये 57 बंजारा परिवारों के बीच यूसिल की ओर से खाद्य सामग्री बाँटी गयी. इधर खाद्य सामग्री पाकर बंजारों के चेहरे खिल उठे. मौके पर पोटका बीडीओ कपिल कुमार, झारखंड पंचायत राज पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार सिन्हा, तेतला पंचायत मुखिया दीपातंरी सरदार, ग्राम प्रधान श्याम चरण प्रधान, अशोक कुमार गोप, गुरुचरण सिंह व वीरेन्द्र कुमार ने हिस्सा लिया. मौके पर मुखिया दीपातंरी सरदार ने कहा कि तुड़ी में हर साल छतीसगढ़ से 50 से अधिक परिवार आर्योवैदिक बेचकर गुजारा करते हैं. लॉकडाउन में इन बंजारा परिवारों की रोजी-रोटी छीन गयी है. ऐसे में भोजन की कोई कमी न हो जिसको लेकर 57 बंजारों परिवारों के बीच खाद्य सामग्री बाँटी गयी. आने वाले दिनों में 40 खाद्य सामग्री तेतला पंचायत के गरीबों के बीच बाँटी जायेगी. जिसे यूसिल द्वारा मुहैया करायी गयी है.

## यूसिल के बाहरी क्षेत्रों में पानी की सप्लाई आज बंद

यूसिल मिल के अधीक्षक मलय मण्डल ने जानकारी देते हुय नोटिस जारी किया कि 5 अप्रैल रबिबार बहारी क्षेत्रओर 6 अप्रैल सोमवार कॉलोनी की सुबह 9.00 बजे से संध्या 7.00 बजे तक यूसील द्वारा सप्लाई होने वाली पानी की आपूर्ति बंद रहेगी . बंद रहने का कारण टंकी की सफाई बताया जा रहा है.

# जादूगोडा को-ऑपरेटिव बैंक में लॉकडाउन की उड़ रहीं धज्जियां




**जादूगोड़ा, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** जादूगोडा के स्टेट कॉपरेटिव बैंक में शनिवार को वेतन उठाने के दौरान पूरी तरह से लॉक डाउन का धज्जियां ग्राहकों द्वारा उड़ाई जा रही थी. किसी भी प्रकार का सोसल डिस्टेंडिंग का परवाह नही कर भारी भीड़ हो कर दिया गया था. एक के ऊपर एक ग्राहक खड़े थे लेकिन बैंक प्रबंधक द्वारा इनपर किसी प्रकार का कंट्रोल नही कर पा रहे थे. वही पुलिस प्रशासन द्वारा भी किसी प्रकार का अंकुश लगाने में विफल हो गया. वही ग्राहकों को भी किसी प्रकार का इस कोरोना महामारी का भय नही दिख रहा था. वही बाकी सभी जगह में लॉक डाउन पर ध्यान दिया जा रहा था. वही यूसील द्वारा भी लॉक डाउन को देखते हुए पेमेंट बजार में पूरी तरह से रोक लगा दिए जाने के कारण पूरा सन्नाटा पसरा हुआ था वही राशन दुकान छोड़ सभी दुकान पूरी तरफ से बन्द थे.

## जादूगोडा : क्वारेंटाइन में रह रहे विदेशी कर रहे नई-नई फरमाइश

**जादूगोड़ा, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ):** जादूगोडा थाना के स्वासपुर स्थित क्वारेंटाइन सेंटर में रखे गए विदेश से आए धर्म गुरुओं के रोज नए अजीबो गरीब फरमाइस के कारण प्रशासन के लिए जी का जंजाल बनता जा रहा है. जिसमे जो धर्मगुरु चीन से आये है वे चाइनीस फूड का मांग कर रहे है. तो कजाकिस्तान से आए धर्मगुरु अपने यहाँ के पसंदिता फूड की मांग कर रहे है. इनकी नित नए मांग को देखते हुए वहा पर काम कर रहे कर्मचारीओ को काफी मानसिक परेशानी हो रही है. वहा के अधिकारी ने बताया कि इनकी मांग को पूरा करना हमलोगों के लिए काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है. इस सेंटर में पहले 11 धर्मगुरु तमाड़ से एवं 19 मौलाना को मुसाबनी से लाकर रखा गया है. इनलोगो द्वारा पूरे देश मे इसी तरह का परेशानी पैदा किया जा रहा है.

# मुखी समाज ने जरूरतमंदों के बीच बांटा अनाज

**जादूगोड़ा, 4 अप्रैल ( रिपोर्टर ):** कोरोना के खिलाफ जारी वैश्विक जंग के बीच अब मुखी समाज विकास समिति ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवा दी है. समिति ने जादूगोड़ा और उसके आस-पास रहने वाले गरीब और असहाय लोगों के बीच अनाज और भोजन का वितरण किया. सरकार द्वारा घोषित लॉक डाउन से जहाँ आम जन जीवन थम गया था वहीं रोजाना काम करके और भिक्षाटन करके अपना गुजरा करने वाले लोगों के बीच अपना पेट भरने की समस्या खड़ी हो गयी थी. मगर स्वयंसेवी संथाओं ने लॉक डाउन घोषित होने के दुसरे दिन से ही इस वर्ग का पेट भरने की मुहिम शुरू कर दी थी. मुखी समाज विकास समिति ने भी अब इस अभियान में अपनी भागीदारी दर्ज की है. मुखी समाज विकास समिति के जिला उपाध्यक्ष टिकी मुखी ने बताया की स्थानीय संस्थाओं और समाज के लोगों की मदद से प्रतिदिन जरूरतमंद लोगों की सूचि बनाई जा रही है और सभी लोगों को खोज खोजकर अनाज



और पका पकाया भोजन बना कर वितरण किया जा रहा है. मुखी ने बताया की ईचड़ा स्थित पंचायत भवन में स्थापित जनता रसोई स्थापित किया गया है जहाँ से प्रतिदिन 200 लोगों को भोजन करवाया जायगा. इसके अलावा 70 परिवारों को पर्याप्त मात्र में राशन उपलब्ध करवाया जायगा. यह अभियान 14 अप्रैल तक चलेगा इसकी शुरुआत पंचायत समिति सदस्य चंदा मुखी के साथ मिलकर कर दी गयी है और पहले दिन सभी लोगों तक समिति की सहायता पहुंचा दी गयी है. पंचायत समिति सदस्य चंदा मुखी ने कहा कि अपने पंचायत क्षेत्र के हर जरूरतमंद परिवारों पर नज़र रखी जा रही है और सभी को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने का प्रयास हो रहा है. वही भाजपा नेता गिरीश सिंह ने 40 जरूरतमदों परिवार को अनाज का वितरण किया इनके साथ संजू बारीक ,महेंद्र सिंह शामिल थे. मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने जादूगोडा थाना प्रभारी से मिलकर जरूरतमन्तो को वितरण के लिए हेंड वाश, डिटर्जेंट, साबुन दिए. इसी प्रकार जेवियर पब्लिक स्कूल प्रबधन के सचिव सुनील सिंह द्वारा भी जरूरतमंदों को राहत सामग्री का वितरण किया गया.

## दीपक जल एकजुटता दिखाएंगेः माला मंडल

**गुवा :** महिला समिति उपाध्यक्षा माला मंडल गुआ के अनुसार 5 अप्रैल को एकजुट हो प्रधानमंत्री के आवाहन पर रात्रि ९:०० बजे दीपक जला कोरोना वायरस के समाप्ति के लिए एकजुटता दिखाएंगे.दीपक जलना एकजुटता का प्रतिक है. ज़्यादा प्रभावित ग़रीबों को निराशा से आशा की ओर ले जाना है.कोरोना रूपी अंधकार से निकल लोग स्वस्थ हो उससे उजाले की ओर जाएंगे.

## मुखिया ने किया खाद्यान्न का वितरण

**पोटका :** कोरोना संक्रमण में लॉकडॉउन के मद्देनजर पोड़ाडीहा पंचायत में मुखिया गणेश सरदार ने गरीब असहायों के बीच खाद्यान्न का वितरण किया. इस अवसर पर मुखिया श्री सरदार ने कहा कि लॉकडॉउन में कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं रहे इसके लिए जरूरतमंदों के बीच खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है.

# सदर अस्पताल में कोविड-19 सैंपल कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन

**चाईबासा कार्यालय, 4 अप्रैल :** सदर अस्पताल चाईबासा परिसर में कोरोना वायरस संक्रमण से पीड़ित व्यक्तियों के जांच हेतु स्थायी फोन बूथ कोविड-१९ सैंपल कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन आज उपायुक्त अरवा राजकमल, उपविकास आयुक्त आदित्य रंजन तथा सिविल सर्जन डा मंजु दूबे द्वारा संयुक्त रूप से किया गया. इस सैंपल कलेक्शन सेंटर के मदद से एकसाथ बड़ी आवादी में वायरस संक्रमण के जांच में सहायता मिलेगी. इस फोन बूथ को गाड़ी में लोड करके अलग-अलग कॉलोनी एवं गांवो में भी आसानी से ले जाया जा सकता है. इससे चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों का संक्रमण से बचाव होगा. पीपीइ कीट की तुलना में इसकी लागत काफी कम है.



उपायुक्त ने बताया कि वर्तमान परिस्थिति में पीपीइ कीट की अधिक मांग होने के कारण उपलब्धता में कठिनाई हो रही है, जबकि वायरस से पीड़ित लोगो के नमुने संग्रह में इस कीट की आवश्यकता होती है. उपविकास आयुक्त द्वारा काफी प्रयास से २०० से ज्यादा जिले में पीपीइ कीट मंगाया गया है. उन्होंने बताया कि साउथ कोरिया में उपलब्ध मॉडल के आधार पर काफी कम समय एवं कम खर्च में इस स्थायी कोविड-१९ सैंपल कलेक्शन सेंटर का निर्माण कराया गया है. इस कलेक्शन सेंटर से चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी भी संक्रमण से सुरक्षित रहेगें. उपविकास आयुक्त ने बताया कि पीपीइ कीट की कीमत ६०० से ३००० तक है. प्रत्येक जिला में १ से २ हजार कीट की आवश्यकता एक समय में पड़ रही है, जबकि इस कलेक्शन सेंटर के निर्माण में १५ से २० हजार रूपया के लागत आ रहा है. इसे कम खर्च में अधिक से अधिक संक्रमित व्यक्तियों का नमुना संग्रह किया जा सकेगा. सिविल सर्जन ने कहा कि इससे चिकित्सको को काफी सहयोग मिलेगा. बिना संक्रमण प्रभावित पीड़ितो का रक्त नमुना संग्रह आसानी से किया जा सकेगा. इस अवसर पर सदर अस्पताल के चिकित्सक डा शाहील पॉल, डा संजय कुजार, डा जगन्नाथ हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे.

## डीएवी पब्लिक स्कूल में ऑनलाइन क्लासेज

**गुवा:** लॉक डाउन के कारण स्कूल एवं कॉलेज में पठन-पाठन बंद है. इस स्थिति में सेल गुआ सम्बद्ध डीएवी पब्लिक स्कूल द्वारा ई लर्निंग, व्हाट्सएप ऐप ग्रुप, जूम क्लाउड और ई-पाठशाला के जरिए पठन-पाठन की शुरुआत कर दी गई है. स्कूल की वेबसाइट पर सारी सूचनाएं दी गई है. जिससे छात्र जानकारी प्राप्त कर ऑनलाइन क्लास कर सकते है. उक्त जानकारी स्कूल के प्राचार्य एन पसायत ने देते हुए बताया कि लॉक डाउन से स्कूल बंद रहने से बच्चों की पढ़ाई ना सिर्फ बाधित हो रही थी, बल्कि अनुकूल स्थिति नहीं बनने के कारण अभिभाको में परेशानी बनी हुई थी. बरहाल कक्षा प्रथम से कक्षा 12 तक के बच्चों की पढ़ाई ऑनलाइन सुविधा के तहत किए जाने से एवं बच्चों में संतोष देखा जा रहा है. इस संदर्भ में पूछे जाने पर साक्षात्कार देते हुए स्कूल के शिक्षकों में बताया कि ऑनलाइन क्लास और व्हाट्सएप ग्रुप खूब काम आ रहे हैं. बच्चे पढ़ाई के माध्यम से अपनी शंकाओं को दूर कर रहे हैं.

## मोदी आहार में भोजन वितरण दूसरे दिन भी जारी



**चक्रधरपुर,04 अप्रैल, संवाददाता:** भाजपा नेताओं द्वारा चक्रधरपुर में लॉक डाउन के दौरान मोदी आहार का वितरण दूसरे दिन भी जारी रखा. दूसरे दिन चक्रधरपुर के दनदासाई इलाके में इसकी शुभारम्भ हुई. जिसमें मोदी आहार वितरण कार्य का शुभारंभ पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुआ के हाथों हुआ इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय मिश्रा ने भी मोदी आहार का वितरण किया. मौके पर मौजूद अन्य नेताओं ने भी बारी-बारी से वितरण कार्य किया जिसमें मुख्य रूप से भाजपा नेता खिरोद प्रधान ,राजू प्रसाद कसेरा, पवन शंकर पांडेय, अशोक दास ,विवेक कुमार, परविंदर सिंह चौहान,शमरेश सिंह,राजेश गुप्ता, सुरेश साव ,मोहन यादव,समेत अन्य नेताओं ने भी बारी-बारी से वितरण किया मौके पर दीपक सिंह सूरज यादव ,बुलटन रवानी शिवा बोदरा श्यामल गुप्ता, जोगी के अलावा काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

## कैंसर पीड़ित बेनू सरदार के इलाज के लिए पांच लाख स्वीकृत

**चक्रधरपुर,04 अप्रैल, संवाददाता:** आसनतलिया गांव के बेनू सरदार पति लाल मोहन सरदार छह महिने से पेट मे केंसर बीमारी से पीडित थी . सुमिता होता फाउंडेशन के अध्यक्ष सदानन्द होता ने बेनू सरदार को रांची स्थित अब्दूर्रज्जाक अंसारी केंसर अस्पताल मे जांच कराकर प्राक्कलन तैयार कराया. असैनिक शल्य चिकित्सक कार्यालय पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा में मुख्यमंत्री गंभीर बिमारी उपचार योजना के तहत प्राक्कलन एवं आवश्यक कागजात के साथ आवेदन प्रस्तुत किया. असैनिक शल्य चिकित्सक कार्यालय के पत्रांक 745 दिनांक 03/04/2020 द्वारा इलाज के लिए पांच लाख स्वीकृति प्रदान किया गया. सदानन्द होता बताया कि सुमिता होता फाउण्डेशन हमेशा जरूरत मंदो को सरकारी मदद से इलाज करा रहा है. क्षेत्र के लोग जानकारी के अभाव मे चिकित्सा लाभ लेने वंचित रह जाता है और दु:ख कष्ट सहन कर असमायिक मृत्यु के शिकार हो जाते.

## रायका गांव में अभी तक नहीं मिला ग्रामीणों को राशन

**गुवा,04 अप्रैल, संवाददाता:** गुवा थाना क्षेत्र के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र बेडो राईका गांव में ग्रामीणों को अभी तक नहीं मिला राशन. ग्रामीणों को राशन नहीं मिलने के कारण गांव के सभी ग्रामीण आक्रोशित है. ज्ञात हो कि देश में फैले कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर प्रशासन के द्वारा लगाया गया लॉक डाउन के कारण बेड़ो रायका गांव के ग्रामीण राशन कार्ड धारियों को राशन डीलर द्वारा राशन नहीं मिलने के कारण काफी चिंतित है. इस संबंध में नोवामुंडी प्रखंड के अंचल अधिकारी सुनील चंद्र से फोन पर बात की गई तो उन्होंने संज्ञान लेते हुए कहा कि गांव वाले इसकी जानकारी अभी तक मुझे नहीं दी थी, परंतु गांव वालों को राशन नहीं मिला है तो जल्द ही इस पर कार्रवाई कर और 2 दिनों के अंदर बेड़ो राय का गांव में ग्रामीणों के बीच राशन वितरण कर दिया जाएगा.

# तबलीगी जमात के 19 सदस्यों की जांच रिपोर्ट आयी निगेटिव

## प्रशासन ने सभी को एम्बुलेंस से पहुंचाया घर



**चाईबासा कार्यालय, 4 अप्रैल :** तबलीगी जमात के सभी १९ सदस्यों को १ अप्रैल को मेडिकल जांच के बाद पताहातु स्थित क्वारंटाइन सेंटर में रखा गया था. जांच रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद शुक्रवार को देर रात में १३ सदस्यो को और शनिवार को ६ सदस्यो को प्रशासन द्वारा एम्बुलेंस से सकुशल घर पहुंचा दिया गया है. १ अप्रैल को तबलीगी जमात के १९ सदस्यो को दिन में मेडिकल जांच कराने के लिए जिला प्रशासन मदरसा इस्लामिया से सदर अस्पताल ले गये थे. मेडिकल जांच के बाद सभी को अपने-अपने घर भेज दिया गया था, लेकिन अचानक उसी दिन देर रात में सभी सदस्यो को सेनटोला स्थित मदरसा इस्लामिया में पुन: बुलाया गया और पुलिस प्रशासन ने सभी को पाताहातु स्थित क्वारंटाइन केन्द्र ले गयी. वहां कहा गया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद घर पहूंचा दिया जाएगा.३ अप्रैल को सभी की जांच रिपोर्ट निगेटिव आने पर सभी को देर रात घर पहूंचा दिया गया. जामा मस्जिद कमेटी के सचिव सजरूल होदा ने पुलिस तथा जिला प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियो को हर जगह पर सहयोग प्रदान करने के लिए शुक्रिया अदा करते हुए मुबारकबाद दी है. उन्होंने कहा कि पुरे प्रक्रिया में हर जगह पर एसडीपीओ अमर कुमार पांडे और एसडीओ पारितोष कुमार ठाकुर ने अपना प्रशासनिक सेवा पहूंचाया है. इस सहयोग के लिए दोनो हमेशा याद किये जायेंगे. उन्होंने एसडीपीओ और एसडीओ को तहेदिल से बधाई और मुबारकबाद दी है. इधर कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष असरफूल होदा ने भी पुलिस-प्रशासन को बधाई दी है.

## चक्रधरपुर के महिला मज़दूर भी बेंगलूरु में फंसे



**चक्रधरपुर,04 अप्रैल, संवाददाता:** लॉक डाउन को ले चक्रधरपुर प्रखण्ड के लोग काफी संख्या में फंसे है जिनकी सूची लगातार स्थानीय विधायक सुखराम उरांव के पास लगातार आ रही है. शनिवार को आई सूची में महिला मज़दूर भी काफी संख्या में शामिल है उन्हें आज विधायक सुखराम उरांव की ओर से सहायता राशि भेज दिया गया है. इसकी जानकारी देते हुए विधायक सन्नी उरांव ने बताया कि उसमें चक्रधरपुर प्रखंड के वाईहातू , जानानलिता ,कुलितोडंग ,बुरुनलीता व एकनलिता गांव के मजदूर शामिल मंझारी प्रखंड के भी कई महिला मजदूर फंसे हुए हैं जिसमें चांदमूनी डांगील बुरु नलिता, ल पार्वती गोप नलिता,मुक्ता तांती कुलितोडंग , लक्ष्मी बोदरा वाईहातू, सुनीता नायक फुलकानी, रायमुनि अगरिया मोरहातू गुरुवारी गिलुआ जानाटा झंडा लक्ष्मी बिरुली मंझारी शामिल है. इन सभी मज़दूरों को सहायता राशि भेजी गयी है.

## सारंडा के जंगल में लगी आग



**गुवा,04 अप्रैल, संवाददाता:** सारंडा क्षेत्र में गर्मी आते ही असामाजिक तत्वों द्वारा जंगलों में आग लगा दी जा रही है. जंगलों में आग लगने के कारण जंगलों में रहने वाले कई दुर्लभ पक्षी पक्षियों एवं जंगली जानवरों इसकी चपेट में आकर मर रहे हैं. इस संबंध में गुवा वन विभाग पदाधिकारी कमलेश्वर प्रसाद सिन्हा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है गर्मी आते ही महुआ चुनने वाले लोग अधिकतर जंगलों में आग लगा देते हैं. जंगलों में आग ना लगाए इसके लिए वन विभाग की ओर से जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं. ताकि सारंडा जंगल सुरक्षित रह सके. साथ ही एक वन विभाग की टीम गठित की गई है. और जहां जहां जंगलों में आग लगी है उसको वन विभाग के द्वारा बुझाया जा रहा है.

# कोचड़ा में विदेशी शराब दुकान का ताला तोड़ते दो युवक पकड़ाये

**नोवामुंडी,4 अप्रैल ( रिपोर्टर ):** शुक्रवार की रात विदेशी शराब की दुकान का ताला तोडकर विदेशी शराब पर हाथ साफ कर रहे दो युवकों को हाटगम्हरिया पुलिस ने फिल्मी अंदाज में घेराबंदी कर रंगे हाथों धर दबोचे. यह घटना कोचडा गाँव की है. दबोचे गए युवकों में उमा हेस्सा तथा अनिल सिंकु हैं,जो डेयापोसी गांव के निवासी हैं. हाटगम्हरिया पुलिस के अनुसार, शुक्रवार की



रात लगभग 9 बजे कोचडा की विदेशी शराब दूकान में मालिक सो रहे थे. घटना के समय बिजली गुल थी. अंधेरी रात का फायदा उठाकर ऑरी से ताला तोड़ने लगे. इस बीच दुकानदार जाग गये और उनको मामला समझते देर नहीं लगी तथा चुपके से थाना पुलिस को मोबाइल फोन से इसकी सूचना दे दी. पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर आयी और दूकान को चारों ओर से घेराबंदी कर रंगे हाथों दोनों युवकों को धर दबोचे. खबर के अनुसार, ये युवक दो दिन पहले दूकान पर विदेशी शराब खरीदने आये थे. उस दिन दूकानदार ने शराब यह कहकर नहीं दिया कि अब लॉकडाउन चल रहा है और शराब बेचना मना है. उस दिन नाराज होकर इन युवकों ने धमकी देकर बैरंग लौट गये थे. युवकों ने दूकानदार को देख लेने की धमकी देते हुए भाग गये. इधर, इन युवकों ने पुलिस को दिए अपना बयान में पुरी कहनी पुलिस को बयां की तथा अपना अपराध भी स्वीकार किया.

## तस्वीर बना पुलिस लोगों को कर रही कोरोना के प्रति जागरूक



**चाईबासा कार्यालय, 4 अप्रैल :** कोरोना वायरस के संक्रमण रोकथाम हेतु जारी लॉकडाउन के दौरान जिला पुलिस की भूमिका की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है. लोगों को समझा बुझाकर तो कभी कड़े तेवर दिखाकर जिला पुलिस लॉकडाउन के निर्देशों को अनुपालन कराने मे सफलता हासिल की है. वहीं पुलिस महानिदेशक एमवी राव के निर्देश पर सभी थानो में सामुदायिक किचन चलाकर प्रतिदिन हजारो गरीब, असहाय एवं बाहर से आने वाले लोगो को खाना खिला रही है. इसके साथ ही बाहर से आने वालो पर पैनी नजर रख रही है और उन्हें चिन्हित कर उपचार कराने में अहम भूमिका निभा रही है. अब जिला पुलिस चाईबासा शहर के प्रमुख मार्गो एवं चौक-चौराहे पर चित्रकारी के माध्यम से आम लोगो को जागरूक करने की कार्य कर रही है. शहर के सड़को पर कोरोना से संबंधित तस्वीर बनाकर लोगो को इसकी भयावहता का संदेश देने के साथ अपने तथा अपने परिवार, समाज को सुरक्षित रखने के लिए घरो में रहने का संदेश दे रही है.

# भटकते हुए दो युवक जोड़सा पहुंचे, क्वारेंटाइन में भेजे गये

**पटमदा ,04 अप्रैल, संवाददाता:** पटमदा थाना क्षेत्र के जोड़सा गांव में दोपहर बाहर से आये दो युवकों को गांव में घूमते हुए देखकर ग्रामीणों ने पटमदा बीडीओ शंकराचार्य सामद, सीओ रंजीत लोहरा व पटमदा थाना प्रभारी राजेश कुमार , मुखिया रूपेण सिंह को देने पर गांव पंहुचकर दोनों युवकों से पूछताछ कर पटमदा प्रखंड कार्यालय के समीप सीआरपीएफ कैम्प में क्वारणटाइन में 14 तारीख तक भेज दिया है. थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया



कि एक युवक अपना नाम मोहम्मद असीम खान (35 वर्ष) जो अंजन गांव महाराष्ट्र का रहने वाला बताया. जबकि दूसरा युवक का नाम नांगु (40) बताया वह पाथड्डा, बांका बिहार बताया है. उन्होंने बताया कि दोनों युवक भटकते हुए इधर पंहुच गया है.

बीडीओ शंकराचार्य सामद ने बताया कि दोनों युवकों को खाना खिलाने के बाद 14 तारीख तक आइसोलेशन वार्ड में रख दिया जाएगा. युवक असीम खान ने पुलिस को बताया कि वह काम करने के लिए घर से निकले थे और ट्रेन में सबकुछ चोरी हो जाने के बाद पैदल चलकर ही भटकते हुए इधर पंहुच गया. उसने बताया कि घर में माता पिता समेत तीन पत्नी और एक साल की बेटी भी है. जबकि दूसरा युवक नांगु ने परिवार में कोई भी सदस्य नही होने की जानकारी दी. दोनों युवकों ने बताया कि एक दूसरे को नही जानतें हैं. मालूम हो कि ग्रामीणों ने जब जानकारी लेने चाह रहे थे तो दोनों युवक भाग रहे थे तो संदेह हुआ तो पुलिस को सूचित कर दिया.

## वार्ड 11 में आटा का पैकेट व आलू वितरित किए गए



**चक्रधरपुर,04 अप्रैल, संवाददाता:** चक्रधरपुर के वार्ड नंबर 11 की पूर्व वार्ड पार्षद एस पुष्प लता ने जरूरतमंदों को आटा का पैकेट और आलू का वितरण किया. साथ ही भगोरिया फाउंडेशन के अध्यक्ष विनोद भगोरिया के द्वारा मास्क और सैंटराइजर भी लोगों के बीच बांटा गया. इस दौरान पूर्व वार्ड पार्षद एस पुष्प लता ने बताया कि कोरोना महामारी के संक्रमण को रोकने के लिए भारत सरकार द्वारा पूरे देश में लॉक डाउन किया गया है. जिससे कई गरीब तबके के लोग प्रभावित हुए हैं .ऐसी स्थिति में इंसानियत के नाते हमें जरूरतमंदों को चिन्हित कर उनकी मदद करनी चाहिए. मौके पर भोला, अरूप, सतेंदर पांडे, लाडा, खरगोन यादव आदि उपस्थित थे.

# 150 लोगों के बीच भोजन एवं मास्क का वितरण

**नोवामुंडी,4 अप्रैल( रिपोर्टर ):** नोवामुन्डी में शनिवार को आजाद बस्ती , टाटरा हटिंग और महुदी गाँव के स्टेशन बस्ती में गरीब व असहाय लोगों के बीच माननीय सांसद श्रीमती गीता कोडा के अनुरोध पर इंटक एवं कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं ने मिलकर लगभग डेढ सौ लोगों के बीच भोजन और मास्क वितरित किया. इस संदर्भ में इंटक के जिला सचिव कुतूबुद्दीन खान ने बताया कि कोरोना वायरस की वजह से प्रशासन ने लोगों को इससे बचाने व जागरूक करने को लेकर एकाएक लॉकडाउन लागु कर दिया है. इस लॉक डाउन में सबसे अधिक रोज कमाने व खाने वाले परिवार के लोगों को काफी परेशानी हो रही है. वहीं,सुखी लकडी,दातुवन व पते बेचकर परिवार चलाने वाले साथ ही दिहाडी मजदूरों के आश्रितों और बाजार शैड तथा रेलवे स्टेशनों के



रैन बसैरों में रहकर जीवन यापन करने वाले लोगों को भुखमरी का सामना करना पड रहा है. कहा कि माननीय सांसद श्रीमती कोडा के आदेश पर शनिवार से लगातार छह दिन जरूरतमंदों को भोजन,मास्क व राहत सामग्री बाँटी जा रही है. शनिवार को यह पुनीत कार्य इंटक के जिला अध्यक्ष हसलुउद्दीन खान व सचिव कुतूबुद्दीन खान की अगुवाई में सम्पन्न किया गया. कहा कि महामारी के कारण जो विषम परिस्थिति उत्पन्न हुई है और लोगों को रोजगार नहीं मिल पाने के कारण भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई इंटक के प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र लागुरी ,संदीप दास, अमीर अंसारी, योगेश ठाकुर, नितेश शाह ,विशाल नाग,आकाश मुखी शुदानसु, तुषार महातो,हीरा महातो,सागर गोप,प्रदीप सिंकु , शंकर ,मनोज भाटिया,प्रकाश व तन्य कार्यकर्ता मोजूद थे.

## नोवामुंडी के डुकासाई में पेयजल संकट, सांसद से लगाई गुहार

**नोवामुंडी,4 अप्रैल ( रिपोर्टर ):** नोवामुंडी के डीवीसी तथा डूकासाई के ग्रामीणों के समक्ष गर्मी के दस्तक देते ही पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है. बता दें कि लगभग 5 सौ की आवादी वाले इस गाँव में करीब दस हजार लीटर का जलमीनार तथा साथ में डीप बोरिंग टाटा स्टील नोवामुंडी की ओर से कराया गया है. लेकिन यह व्यवस्था यहाँ लापरवाही की भेंट चढ गई. जलमीनार उचित देख भाल के अभाव में गंदगी से साराबोर हो गया है. वहीं, डीप बोरिंग भी मरम्मति के अभाव में खराब पड गया है. लोगों में पेयजल के संकट को लेकर हाहाकार की स्थिति आन पडी है. इस बीच डूकासाई निवासी मानसिंह बारजो ने सांसद गीता कोडा तथा विधायक सोनाराम बिरूवा से मिलकर डूकासाई के ग्रामीणो को गर्मी में पेयजल सुविधा मुहैया कराने की गुहार लगायी है.

## पीएम केयर्स फंड में सेवानिवृत्त वनकर्मी ने दिए पांच हजार

**सरायकेला:** कोरोना वायरस संक्रमण से उतपन्न संकट की घड़ी में राहत व अन्य कार्यों में सहयोग हेतु सेवानिवृत्त वन कर्मी मृणाल कुमार साहु ने अपने पेंशन से पांच हजार रू पीएम केयर्स फंड में दान दिये.सरायकेला कंसारी टोला निवासी सेवानिवृत्त वन कर्मी ने कहा कि कोरोना वायरस के कारण आज पुरा देश संकट में है.

## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों में चावल वितरण

**गुवा,04 अप्रैल, संवाददाता:** गुवा थाना क्षेत्र के रायका गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच चावल वितरण किया. देश में फैले कोरोना वायरस संक्रमण को देखते हुए तथा क्षेत्र में लगाया गया लॉंक डाउन के कारण आंगनवाड़ी केंद्र बंद है. जिसके कारण बच्चों को पोषाहार नहीं मिल पा रहा था. इसी को देखते हुए प्रखंड स्तर से रायका गांव आंगनबाड़ी केंद्र के 26 बच्चों के बीच डेढ़ किलो चावल करके वितरण किया गया. बच्चों के बीच चावल वितरण आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका मोनिका कोड़ा एवं साहिया सोमवारी सिरका के हाथों किया गया.

## रघुनाथपुर में बांटे गये नीम साबुन

**चांडिल,04 अप्रैल, संवाददाता:** नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के रघुनाथपुर व आस पास के क्षेत्र पर शनिवार को सूरज मिश्रा के द्वारा सैनीटाईज किया गया. जानकारी देते हुए सूरज मिश्रा ने बताया कि निजी स्तर पर कोरोना वायरस से रोकथाम के लिए चौक चौराहे व भीड़ भाड़ बाले जगहो पर सैनिटाइजर किया गया. उन्होंने बताया कि आगे भी विभिन्न चौक-चौराहों पर सैनिटाइज कराया जाएगा जिससे वायरस की रोकथाम हो सके. उन्होंने बताया कि चांडिल बजार, हाटतोला, चौका, रघुनाथपुर, चौवलीवासा अस्पताल आदि जगहो पर सैनीटाईज किा गया. इस दौरान उन्होने लोगो के बीच नीम साबुन बांटते हुए लोगों को करोना वायरस के प्रति जागरूक भी किया और घरों ने नहीं निकलने की अपील की.

# टाटा स्टील आज से घर-घर पहुंचायेगी हरी सब्जियां

### टाटा स्टील व जोमैटो के बीच करार, कम से कम 75 रुपये की बुकिंग जरूरी



**जमशेदपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** टाटा स्टील कोरोना वायरस को लेकर पूरे देश में लगे लॉक डाउन को देखते हुए शहरवासियों को उनके घर तक हरी सब्जियां पहुंचाने का काम करेगी. इसके लिए टाटा स्टील व जोमैटो के बीच करार हुआ है. शहरवासियों को घर तक हरी सब्जियां मंगवाने के लिए कम से कम 75 रुपये की बुकिंग करानी होगी. जमशेदवासियों को घर बैठे ही बाजार से कम कीमत पर प्रतिदिन हरी सब्जियां मिलेंगी.

शनिवार को टाटा स्टील की ओर से पूरे देश में लगे लॉक डाउन को देखते हुए टेली कांफ्रेंस का आयोजन किया गया. इस मौके पर टाटा स्टील के चीफ सीएसआर सौरभ रॉय ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि रविवार की दोपहर से टाटा स्टील जमशेदपुरवासियों को पटमदा, बोड़ाम की हरी सब्जियां उनके घर तक पहुंचायेगी. उन्होंने कहा कि टाटा स्टील से करीब 150 किसान जुड़े हैं. उन्होंने कहा कि जोमैटो से हुए करार के तहत लोगों से सब्जियों का डिलीवरी चार्ज भी नहीं लिया जाएगा. उन्होंने कहा कि जोमेटो के माध्यम से जितनी देर में उनके खाने का आर्डर पहुंचता है उतनी देर में हरी सब्जियां पहुंचेंगी. उन्होंने कहा कि सोनारी व काशीडीह के सामुदायिक केन्द्र में सब्जियों का स्टॉक केन्द्र बनाया गया है. जोमेटो के 35 डिलीवरी ब्वॉय इस काम में मदद करेंगे. उन्होंने कहा कि लाकडाउन में सब्जियों को किसानों से लेकर स्टॉक किए गए सेंटर तक पहुंचाने फिर यहां से घरों तक पहुंचाने में बहुत आवाजाही होगी. उन्होंने बताया कि शनिवार को ट्राइल पर 1500 किलोग्राम सब्जियों की होम डिलीवरी की गई. शहरवासियों को खीरा, टमाटर, पत्ता गोभी, सिम, लौकी, नेनवा, भिंडी सहित 13 तरह की सब्जियों को घरों तक पहुंचाया जाएगा. उन्होंने कहा कि टाटा स्टील की ओर से पिछले दिनों झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री रिलीफ फंड में दस करोड़ रुपये दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि जमशेदपुर की करीब 108 बस्तियों के करीब 41 हजार लोगों को एक समय का भोजन कराया जा रहा है. टाटा स्टील करीब 50 हजार लोगों को भोजन कराने का प्रयास कर रही है. उन्होंने कहा कि कलिंगानगर में करीब 1500 लोगों को जबकि वेस्ट बोकोरो में 950 लोगों को भोजन कराया जा रहा है.

**करीब 5700 मास्क का वितरण :** टाटा स्टील के चीफ सीएसआर सौरभ राय ने कहा कि जमशेदपुर, कलिंगानगर, वेस्ट बोकारो की करीब 80 महिलाओं को जोड़ कर मास्क तैयार कर रही है. जिला प्रशासन के सहयोग से अब तक करीब 5700 मास्क का वितरण किया जा चुका है.

**60 मरीजों की जांच, 47 की जांच रिपोर्ट निगेटिव :** टीएमएच के जीएम डा. राजन चौधरी ने कहा कि जिन लोगों को घर में आइसोलेट किया गया है उनका भी कोरोना वायरस की जांच की जाएगी. अब तक उनके अस्पताल में जिला प्रशासन की ओर से 60 संदिग्धों की जांच की गई जिनमें से 47 की जांच रिपोर्ट निगेटिव है. 15 लोगों की जांच बांकी है. उन्होंने कहा कि कि उनके अस्पताल में जिला प्रशासन द्वारा 60 मरीज की जांच की गई है। इनमें से 13 का रिपोर्ट आना बाकी है. उन्होंने बताया कि टीएमएच ने 500 से ज्यादा आइसोलेशन वार्ड और 37 वेंटीलेटर तैयार कर लिए हैं. जरूरत पड़ने पर इसकी संख्या और बढ़ाई जा सकती है. उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है. टीएमएच में टाटा स्टील के कर्मचारी या गैर कर्मचारी में कोरोना की जांच में कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है। सभी को एक तरह की सुविधा दी जा रही है.

**बिल जमा नहीं करने पर नहीं कटेगा कनेक्शन :** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड पूर्व में जुस्को के प्रबंध निदेशक तरुण डागा ने कहा कि लॉक डाउन में यदि कोई ग्राहक बिजली व पानी का बिल जमा नहीं करते हैं तो उनके कनेक्शन नहीं काटा जाएगा. किसी तरह की पैनाल्टी भी नहीं लगेगी. उन्होंने कहा कि शहरवासी ऑनलाइन भी बिल जमा करें.

**शहर में फायर ब्रिगेड टीम सेनिटाइजर करने में जुटी :** उन्होंने कहा कि शनिवार की शाम से शहर में टाटा स्टील फायर ब्रिगेड की टीम सड़कों व मोहल्ले में सेनिटाइजर करने में जुट गई है.

उन्होंने बताया कि उनकी टीम शहर के 110 इलाकों को मोबाइल वैन सहित अन्य संसाधन से सेनिटाइज कर रही है. तरूण डांगा ने बताया कि साकची बाजार, कदमा, सोनारी, नार्दन टाउन, रामदास भट्टा, बारीडीह सहित भीड़भाड वाले इलाकों में दिन में दो-दो बार सेनिटाइज किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि शनिवार को बिष्टुपुर में सेनिटाइजर किया गया.

# आईएमए कोरोना से लड़ने को सरकार के साथ : डा. मृत्युंजय

**जमशेदपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सचिव डा. मृत्युंजय सिंह ने कहा कि कोरोना वायरस से लड़ने के लिए जमशेदपुर के डॉक्टर पूरी तरह से सरकार के साथ में है. उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को ज्ञापन सौंप कर कहा कि कोरोना से लड़ने के लिए आइएमए उनके साथ है. उन्होंने जमशेदपुर के चिकित्सकों की ओर से कुछ सुझाव भी दिया है.

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सचिव डा. मृत्युंजय सिंह ने कहा कि कहा कि आंध्रप्रदेश की तरह एमजीएम मेडिकल कॉलेज व अस्पताल को कोरोना अस्पताल के रूप में विकसित किया जाए. उन्होंने कहा कि अन्य मरीजों को सदर अस्पताल या सरकार की ओर से अधिग्रहीत निजी अस्पताल में शिफ्ट किया जाए. सरकारी चिकित्सा दल के साथ निजी चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों का दल भी तैयार किया जाए. उन्होंने कहा कि कोरोना की लड़ाई में शामिल सभी चिकित्सा व गैर चिकित्सा दल को सरकार की ओर घोषित 50 लाख के हेल्थ इंश्योरेंस की तरह सभी सदस्यों को दस करोड़ का लाइफ इंश्योरेंस किया जाए जिससे सभी लोग निर्भय होकर इस लड़ाई में शामिल हो सके.

इसके लिए आवश्यक सुरक्षा हथियार के रूप में पर्याप्त मात्रा में पीपीई किट, मास्क, हैंड ग्लव्स व सेनिटाइजर भी उपलब्ध कराया जाए. निजी अस्पताल में उपलब्ध वेंटिलेटर को टेकओवर लेकर एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शिफ्ट किया जाए. उन्होंने कहा कि हम सभी मिल कर ही कोरोना वायरस से जीत सकते हैं. उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी को कॉपी सौंपी.

# झारखंड को वित्तीय सहयोग देने पर मोदी सरकार का आभार : रघुवर

**जमशेदपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स मिटिगेशन फंड के तहत शनिवार को केंद्र की मोदी सरकार ने झारखंड को 284 करोड़ रुपये की वित्तीय सहयोग की घोषणा की है. इस आशय की घोषणा का सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार का आभार जताया है.

श्री दास ने केंद्र सरकार द्वारा दिये गए उक्त रुपये को योजनाबद्ध तरीके से स्वास्थ्य और आवश्यक सेवाओं में खर्च करने की सलाह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दी है. कहा कि राज्य सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण के जांच की रफ्तार काफी धीमी है. केंद्र सरकार से वित्तीय मदद मिलने के बाद अस्पतालों में जांच किट और जरूरी संसाधन मुहैया कराने की बात कही. उन्होंने कल, रविवार रात्रि 9 बजे से नौ मिनट के लिए बिजली बंद कर दीप, मोमबत्तियां, टॉर्च, मोबाइल लाइट इत्यादि जलाकर एकजुटता दिखाने का आह्वान किया है.

गुप्त रोग सेक्स
लिंग वर्धक यंत्र एवं एक्यूपंचर मशीन से जांच
ज्यादा हस्त मैथुन, अति संभोग, उम्र की अधिकता में लिंग के नसों में आई कमजोरी, सेक्स की कमी, छोटापन, शीघ्रपतन, वीर्य पतलापन, पेशाब में जलन, स्वप्न दोष, धात गिरना, शादी करने के नाम से डर लगता है।
नोट : बिना ऑपरेशन के हाइड्रोसिल, बवासीर, भगंदर का इलाज किया जाता है।
हीरा क्लीनिक
डॉ. हीरा (D.E.M.S.)
B.A.M.S, Regd. From govt. of jharkhand
पता : राजबाड़ी के पास, गोपबंधु चौक, पाठागार रोड सरायकेला
मो. : 7277477637
समय : सुबह 9 बजे से 1 बजे तक, 3 बजे से 7 बजे तक

वैद्य कैलाश महतो
(चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ)
राष्ट्रीय आरोग्य स्वास्थ्य सम्मान एवं स्वर्णपद से सम्मानित
तपोवन में रहकर आयुर्वेद पर गहन अध्ययन कर असाध्य रोगों पर रिसर्च कर फिर से आपकी सेवा में हाजिर हूं
वैद्य कैलाश महतो
डॉ अभिमन्यु महतो
कठिन से कठिन असाध्य रोगों से छुटकारा पाने लिये वैद्य जी से परामर्श लें
जैसे कैंसर, चर्म रोग, धातु विकार, स्वप्न दोष, नपुंसकता, सेक्स में कमी, गुप्त रोग, मिर्गी, टीबी, दमा, बवासीर, फलेरिया, जांडिस, सफेद दाग, वातरोग, सुगर, हाईड्रोसिल, सुजाक, शीघ्रपतन, गनोरिया, लिकोरिया, धातुछिनता, अपने से गलती से किया भुक्तभोगी और छोटे-बड़े किसी प्रकार का रोग हो संतान इच्छुक पति पत्नी आकर परामर्श लें
ब्रांच 1: गायत्री आयुर्वेदिक दवाखाना बारीडीह मार्केट, पुरानी लाईन
: 2280937, 8002238836
समय : सुबह 8 से 11 व शाम 4 से 10 बजे तक
ब्रांच -2 : शालिनी मार्केट खाजा दुकान के बगल में मेन रोड साकची
-9835591112
समय : सुबह 11 से 2 बजे तक

सफलता के 32 वर्ष
आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स मशीनों द्वारा और सम्पूर्ण इलाज
आयुर्वेद वृहस्पति
डॉ० एस० के० तिवारी
संचालक डॉ० महेश्वर मिश्रा
धातु विकार
स्वप्न दोश
नपुंसकता
शीघ्रपतन
अंगों का छोटापन
सेक्स में कमी
नि:संतान दंपति संतान प्राप्ति हेतु अवश्य संपर्क करें
आपके स्वास्थ्य संरक्षण एवं रोगोन्मूलन का प्रतीक
जीवन ज्योति हेल्थ क्लीनिक
A/36, न्यू कालीमाटी रोड, गुरुनानक नगर, साकची, जमशेदपुर-1
(दिनांक 8 से 20 तक प्रतिमाह)
PHONE : 0657-2438616, 9835551212, 9431113166

# नर सेवा ही नारायण सेवा, 14 तक रहेगा जारी : काले

### 'नमन' परिवार कर रहा जरूरतमंदों के लिये भोजन की व्यवस्था



**जमशेदपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** लॉक डाउन के दौरान अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करते हुए सामाजिक संस्था 'नमन' परिवार द्वारा सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए गत 5 दिनों से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भोजन प्रदान करने का कार्य कर रहा है, जो आगामी 14 अप्रैल तक जारी रहेगा. सेवा देनेवालों में अखिलेश पांडेय, जुगुन पांडे, घनश्याम भिरभरिया, बिभाष मजुमदार, शैलेश, धीरज चौधरी, पिंटू साव, विशाल सिंह, बंटी वर्मा, सूरज चौबे, विवेक कामत, मोहन दास, मार्टिन, शुरू पात्रो, सुदेश मुखी, शशि मुखी, कोला मुखी, जानी भुईयां, मनीष कुमार प्रसाद, नंदकिशोर मुंडा, संतोष रजक, शंभू झा, चंदन सिंह, गणेश सिन्हा, किरण चौहान, अमरेन्द्र कुमार सिंह, श्रीराम साव, शंकर मुंडा, सीमा दास, आभा वर्मा, बंदना नामता, नीतु दुबे, रितिका मुखर्जी, कोला मुखी के अलावा नमन परिवार के अन्य सक्रिय सदस्य शामिल हैं.

# 'लोक समर्पण' ने बांटी खाद्य सामग्री



**जमशेदपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** सामाजिक संस्था 'लोक समर्पण' के अध्यक्ष ललित दास ने शनिवार को एग्रिको में क्षेत्र के लगभग पांच सौ लोगों के बीच खाद्य सामग्री के रुप में चावल, आटा, दाल, आलू, प्याज एवं बिस्कूट बांटा. साथ ही विभिन्न चौक-चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मी तथा सफाईकर्मियों के बीच भी राहत सामग्री का वितरण किया गया. कार्यक्रम के दौरान संस्था के सचिव नीरज कुमार, अर्णव कुमार, दीपक कुमार सिंह, अभिषेक अग्रवाल, ज्ञान सिंह, मनीष, प्रदीप दूबे, देव कुमार आदि उपस्थित थे.

# शहर के 11 होटल और गेस्ट हाउस अधिग्रहित

**जमशेदपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** केन्द्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने शहर के 11 होटल व गेस्ट हाउस को आज एक आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से अधिग्रहित कर लिया. उक्त स्थानों में कोरोना मरीजों की देखरेख करनेवाले चिकित्सक, मेडिकल व पारा मेडिकल स्टॉफ को क्वारंइटाइन किया जाएगा. उपायुक्त ने उन भवनों को पूर्ण सेनिटाइज के साथ-साथ साफ-सफाई कराने व वहां सुरक्षा व्यवस्था बहाल करने के लिये संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है. अधिग्रहित किये गये भवनों में टाटा स्टील प्रोफेशनल फ्लैट (इनर सर्किल रोड कदमा), डीलर्स एप्रेंटिस होस्टल व ग्रेजुएट इंजीनियर्स होस्टल (टेल्को), कुलदीप होटल (जुगसलाई), होटल महल इन (मानगो), सुमन होटल (डिमना रोड, मानगो), होटल अम्बर (साकची कालीमाटी रोड), गुजराती सनातन समाज (बिष्टुपुर), ऋषि भवन (जुगसलाई), खालसा क्लब (बिष्टुपुर), माहेश्वरी मंडल (जुगसलाई) तथा श्री राजस्थान शिव मंदिर (जुगसलाई).

# जिला प्रशासन ने बनाया अन्न भंडार

### इच्छुक लोग दानस्वरूप दे सकेंगे खाद्य व राशन सामग्री

**जमशेदपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर) :** लॉक डाउन में लोगों को भोजन उपलब्ध कराने के लिये इच्छुक लोगों द्वारा खाद्य व राशन सामग्री दानस्वरुप देने की इच्छा देखते हुए जिला प्रशासन ने 'अन्न भंडार' (फूड ग्रेन बैंक) की स्थापना की है. उक्त भंडार में पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक उपरोक्त सामग्रियों का संग्रहण होगा. इस पूरी व्यवस्था के वरीय प्रभारी विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी नवीन सिंह होंगे. अन्न भंडार तीनों निकाय (जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, मानगो नगर निगम तथा जुगसलाई नगर परिषद) के कार्यालय के अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी का कार्यालय भी होगा.

# जुस्को ने करायी बिष्टूपुर में सैनिटाइजिंग



**जमशेदपुर, 4 अप्रैल (रिपोर्टर):** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड पूर्व में जुस्को की ओर से शनिवार की शाम सेनिटाइजर बिष्टुपुर में कराया गया. कोरोना वायरस में हर एक व्यक्ति व बाहर के सामानों को सेनिटाइज करने की जरूरत है. इसके तहत शनिवार को फायर ब्रिगेड की टीम के सहयोग से करीब 50 हजार लीटर सोडियम हाइपो क्लोराइड के मिश्रण का बिष्टुपुर स्थित वोल्टास बिल्डिग का छिड़काव कराया. बिष्टुपुर में सभी दुकान, बिल्डिंग व एटीएम में सेनिटाइजर कराया गया. दमकल के पाइप व उसके प्रेशर से अधिक ऊंचाई तक मिश्रण को भेजने में आसानी हो रही है. जुस्को प्रबंधन ने शहरवासियों की मदद के लिए एक ऑडियो-वीडियो जारी किया है. वहीं, शहरवासी घर पर कैसे सेनिटाइजर बना सकते हैं. कैसे अपने व अपने परिवार को सेनिटाइज कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि इसके लिए भी एक ऑडियो वीडियो जारी किया गया है.

झारखण्ड सरकार
होम आइसोलेशन में क्या करें और क्या न करें?
14 दिनों तक घर पर अलग कमरे में रहें जो हवादार और स्वच्छ हो।
बार-बार अपना चेहरा, नाक या आंख न छुएं।
अधिक मात्रा में तरल पदार्थ लेते रहें।
अनावश्यक रूप से अतिथियों को आमंत्रित न करें।
छींकने और खांसने के बाद अपने हाथ साबुन और पानी से धोएं।
परिवार के अन्य सदस्यों के साथ खाना न खाएं।
लक्षण उत्पन्न होने पर तत्काल स्वास्थ्यकर्मी से संपर्क करें।
परिवार के अन्य सदस्यों के निकट में न आएं।
नोवल कोरोना (COVID-19) को ना
COVID-19 से संबंधित जानकारी के लिए
सभी झारखण्डवासी राज्यस्तरीय टोल फ्री नंबर 104 अथवा 181 पर संपर्क करें या ई-मेल करें idspjharkhand2@gmail.com
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के 24X7 हेल्पलाइन नं. +91-11-2397 8046 पर कॉल करें या राष्ट्रीय टोल फ्री न० 1075 पर कॉल करें
NATIONAL HEALTH MISSION
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड
PR-227699 (Health Med Edu and Family Welfare) 20-21

■ प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी **ब्रज भूषण सिंह** द्वारा पातो पब्लिशिंग हाउस प्राइवेट लिमिटेड, प्लांट नें - एनएस-18, फेज-4, आदित्यपुर, इंडस्ट्रीयल एरिया, आदित्यपुर जिला सरायकेला -खरसावां (झारखंड) से प्रकाशित एवं मुद्रित ■ संपादक : **ब्रज भूषण सिंह**
■ रजिस्ट्रेशन नं : JHAHIN/200 8/24727, मो नं : 9470353001, फैक्स : 0657-2210251 E-MAIL: NEWSPATMAIL@GMAIL.COM **संस्थापक :** मुकेश कुमार भगत